www.tamsasanket.com
वर्षः 30|| अंक 32 ||अम्बेडकरनगर
गुरुवार
23 अप्रैल 2026 ||पृष्ठः 08 ||मूल्यः ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा
https://epaper.tamsasanket.com

# दैनिक तमसा संकेत

अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित
डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदयः 05:36
सूर्यास्तः 06:34
अधिकतमः 42°00
न्यूनतमः 26°00



पेज 07

विशेष समाचार सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंटः अब ... >>पेज 04 | 'जबरन प्रीपेड मीटर लगाकर ... >>पेज 06 | प्रेग्नेंसी के बावजूद काम ...

होर्मुज़ में तनाव बढ़ाः ईरान ने तीन मालवाहक जहाज़ों पर हमले के बाद दो को ज़ब्त किया

# ईरान ने होर्मुज से भारत आ रहे जहाज को रोका

खतरा

**फ्रांस की कड़ी टिप्पणीः** राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने होर्मुज स्ट्रेट की नाकाबंदी को अमेरिका की गलती बताया है। उन्होंने कहा कि इस फैसले के बाद ईरानी अधिकारियों ने अपना शुरुआती रुख बदल लिया।



तस्वीर लाइबेरियाई फ्लैग वाले कंटेनर शिप एपामिनोडेस की है, जिसे ईरान की IRGC ने कब्जे में लिया है। (फाइल फोटो)



पाकिस्तानी विदेश मंत्री इशाक डार ने मंगलवार को अमेरिकी राजनयिक नताली बेकर से मुलाकात कर अमेरिका से सीजफायर बढ़ाने की अपील की।

**ट्रम्प की धमकीः** ईरान को चेतावनी दी कि अगर पीस डील नहीं हुई, तो अमेरिकी सेना हमले के लिए पूरी तरह तैयार है और आदेश मिलते ही कार्रवाई कर सकती है। उन्होंने कहा कि सीजफायर आगे नहीं बढ़ाएंगे।

तमसा संकेत, एजेंसी

तेहरान/वॉशिंगटन डीसी । ईरान की इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड ने होर्मुज स्ट्रेट में भारत आ रहे एक जहाज को रोककर कब्जे में ले लिया है। ईरान ने आरोप लगाया है कि जहाज बिना इजाजत होर्मुज से गुजरने की कोशिश कर रहा था।

लाइबेरिया के फ्लैग वाला एपामिनोडेस नाम का यह कंटेनर शिप गुजरात के मुंद्रा पोर्ट की ओर जा रहा था। ईरानी नौसेना के मुताबिक जहाज के नेविगेशन सिस्टम में छेड़छाड़ की गई थी, जिससे समुद्री सुरक्षा को खतरा पैदा हुआ।

कार्रवाई के दौरान IRGC ने जहाज को रोककर अपने कब्जे में लिया और उसे तट की ओर ले गई। इसके अलावा इजराइल से जुड़े फ्रांसेस्का नाम के दूसरे जहाज को भी कब्जे में लिया गया है। इसके अलावा यूफोरिया नाम के जहाज पर हमला भी किया गया है।

>> (शेष पेज 06 पर)

**होर्मुज खुलवाने पर बैठकः** होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने के लिए यूके-फ्रांस ने 30 देशों की बैठक बुलाने का फैसला किया है। लंदन में आज यह बैठक होगी।

**वेंस की पाक यात्रा टलीः** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की पाकिस्तान यात्रा टाल दी गई है। ईरान ने बातचीत के लिए डेलिगेशन को पाकिस्तान भेजने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद यह फैसला लिया गया।

### लेबनान में इजराइली हमले में 2 की मौत

लेबनान में इजराइल के हमले में दो लोगों की मौत हो गई। यह हमला इजराइल-लेबनान में लागू 10 दिन के सीजफायर के बीच हुआ है।

लेबनान की नेशनल न्यूज एजेंसी (NNA) के मुताबिक, अल-तीरी इलाके में एक कार पर हुए हमले में दो लोगों की जान गई। इसके अलावा कंतारा कस्बे में भी इजराइली सेना ने बमबारी की।

### लेबनान में फ्रांस के शांति सैनिक की मौत

लेबनान में हुए हमले के बाद एक फ्रांसीसी शांति सैनिक की मौत हो गई है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने इसकी पुष्टि की है। शनिवार को घंदूरियेह गांव में हुए इस हमले में एक सैनिक घायल हुआ था, जिसकी बाद में मौत हो गई। वहीं फ्लोरियन मॉन्टोरियो नाम के एक अन्य फ्रांसीसी शांति सैनिक की मौके पर ही जान चली गई थी। संयुक्त राष्ट्र की शांति सेना की शुरुआती जांच में इस घटना को जानबूझकर किया गया हमला बताया गया है।

### चीन ने ईरान को मदद भेजने के अमेरिकी आरोप खारिज किए

चीन ने ईरान को मदद भेजने के अमेरिकी आरोप खारिज कर दिए हैं। चीन ने कहा है कि ओमान की खाड़ी में पकड़ा गया जहाज उसका नहीं, बल्कि एक विदेशी कंटेनर शिप है।

दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया था कि इस जहाज के जरिए चीन ने ईरान को 'गिफ्ट' भेजा था। इसके बाद अमेरिकी राजदूत निक्की हेली ने भी कहा कि जहाज चीन से ईरान जा रहा था और इसमें मिसाइलों के लिए केमिकल हो सकते हैं। इन आरोपों पर चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने कहा कि चीन किसी भी तरह की गलत अटकलों और आरोपों का विरोध करता है।

### ईरानी सेना के ग्राउंड फोर्स कमांडर ने पश्चिमी बॉर्डर का दौरा किया

ईरानी सेना के ग्राउंड फोर्स कमांडर ने देश के पश्चिमी बॉर्डर का दौरा किया है। कमांडर ने विभिन्न बॉर्डर पोस्ट का निरीक्षण किया और अधिकारियों से मौजूदा हालात की जानकारी ली। उन्होंने जवानों को सतर्क रहने और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए।

### हूती विद्रोहियों की चेतावनी

यमन के हूती विद्रोहियों ने चेतावनी दी है कि जंग अभी खत्म नहीं हुई है। अमेरिका और ईरान के बीच बना सीजफायर कमजोर है। इसलिए आगे बड़ा संघर्ष होना तय है।

## सुप्रीम कोर्ट बोला- हिंदू एकजुट रहें, संप्रदायों में बंटे नहीं

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को सबरीमाला मंदिर में महिलाओं की एंट्री और धार्मिक भेदभाव से जुड़े मामले में सुनवाई हुई। जस्टिस वीबी नागरत्ना ने कहा, 'हिंदू समाज को एकजुट होना चाहिए। दो संप्रदायों में बंटना नहीं चाहिए। वे हमारे मंदिर नहीं आ सकते, हम उनके मंदिर में नहीं जा सकते। यह सोच सही नहीं है।

अगर कोई संप्रदाय अपने मंदिर को दूसरों के लिए नहीं खोलता, तो वह कमजोर हो जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने यह बात ट्रावणकोर देवस्वम बोर्ड के वकील राकेश द्विवेदी की उस बात पर कही, जिसमें कहा गया था कि जहां एक संप्रदाय को दूसरे संप्रदाय के मंदिर में पूजा करने से रोका जा रहा है, जबकि वे वहां जाते भी नहीं। यदि वे जाना चाहें, तो क्या इसे सामाजिक सुधार के तहत सही ठहराया जा सकता है।

# लेंसकार्ट में तिलक विवाद कई राज्यों में प्रदर्शन तेज

## स्टोर जाकर कर्मचारियों को कलावा पहनाया

विवाद

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। आईवियर कंपनी लेंसकार्ट के ड्रेस कोड को लेकर विवाद बढ़ गया है। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश और छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों में प्रदर्शन हो रहे हैं। हिंदू संगठनों से जुड़े लोग 4 दिनों से कई शहरों के लेंसकार्ट स्टोर में जाकर कर्मचारियों को तिलक लगा रहे और कलावा बांध रहे हैं। इस बीच बागेश्वर बाबा धीरेंद्र शास्त्री ने कंपनी के प्रमोटर्स से कहा, 'तू अपनी कंपनी लाहौर में खोल ले, भारत में काहे को मर रहा है? तेरो कक्का का भारत है क्या? हां! हमारे तो बाप का भारत है।'





**धीरेंद्र शास्त्री मालिक से बोले- लाहौर में कंपनी खोल लो**

पिछले सप्ताह सोशल मीडिया पर कंपनी का एक पॉलिसी डॉक्यूमेंट वायरल हुआ था। इसमें कर्मचारियों को बिंदी, तिलक, कलावा और बुर्का पहनने पर रोक की बात थी। हिजाब और पगड़ी को कुछ शर्तों के साथ अनुमति दी गई थी।

>> (शेष पेज 06 पर)

# जांच में सीएम ममता का दखल लोकतंत्र को खतरा : एससी

## कोई सीएम ऐसा करेगा, सोचा नहीं था, ईडी जांच के दौरान फाइल लेकर चली गई थीं

सुनवाई

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। I-PAC रेड मामले में ED की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ED) की जांच के बीच CM ममता बनर्जी के दखल को गलत ठहराया।

कहा- किसी भी राज्य का सीएम ऐसा करता है तो यह लोकतंत्र को खतरे में डालना है। जस्टिस कुमार ने कहा- यह राज्य और केंद्र के बीच का विवाद नहीं है। दरअसल इसी साल 8 जनवरी को ED की टीम ने



I-PAC हेड प्रतीक जैन के कोलकाता के गुलाउडन स्ट्रीट स्थित घर और दफ्तर पर छापा मारा था। प्रतीक जैन ही ममता बनर्जी के लिए पॉलिटिकल स्ट्रैटजी तैयार करते हैं। छापेमारी के बीच ममता प्रतीक के घर पहुंच गईं थीं और कुछ दस्तावेज लेकर चली गईं।

>> (शेष पेज 06 पर)

### आई - पैक के सर्वे पर टीएमसी के टिकट कटे

बंगाल में TMC के मौजूदा करीब 33% विधायकों के टिकट काटने के फैसले के पीछे आई-पैक का सर्वे आधार था। इसने बंगाल के 93 हजार पोलिंग बूथों के लिए एक लाख शैडो एजेंट्स तैयार किए थे। हालांकि, सवाल पर पार्टी सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने कहा- हम संसद में दूसरी बड़ी विपक्षी पार्टी हैं। 5 एजेंसियों के साथ काम कर रहे हैं। सभी ठीक हैं। पार्टी के एक अन्य नेता ने बताया कि टीएमसी संगठन 4 स्तर पर काम कर रहा है।

फास्ट न्यूज

### पहलगाम आतंकी हमले का एक साल

नई दिल्ली। पहलगाम आतंकी हमले को आज एक साल हो गया। इस मौके पर कश्मीर के सभी टूरिस्ट स्पॉट्स पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं। घाटी में काम करने वाले हर पोनी, सर्विस प्रोवाइडर, लोकल गाइड के लिए QR कोड बेस्ड स्पेशल चेकिंग सिस्टम बनाया गया है।

अलर्ट सतर्क

### छत्तीसगढ़ में पारा 43 डिग्री सेल्सियस, रेलवे स्टेशन पर पानी की फुहार

नई दिल्ली। राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, ओडिशा और बंगाल पिछले 5 दिन से पारा 40°C से 45°C के बीच बना है। कई जगह हीटवेव का अलर्ट है।

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में तापमान 43.8°C होने के बाद रेलवे प्लेटफॉर्म पर पानी की फुहारें छोड़ी जा रही हैं। कॉम्पिटीटिव परीक्षाओं का समय बदला गया है। यूपी के 30 जिलों में लू का अलर्ट है। आगरा में ताजमहल पहुंचे 6 पर्यटकों की तबीयत बिगड़ गई। प्रयागराज में पारा 44°C के ऊपर है। राजस्थान के उदयपुर, जयपुर में पर्यटकों की संख्या घट गई है।

### बेंगलुरु में बॉयफ्रेंड को कुर्सी से बांधकर जिंदा जलाया

बेंगलुरु। कर्नाटक के बेंगलुरु में पुलिस ने बुधवार को एक युवती को बॉयफ्रेंड की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, युवती ने 21 अप्रैल को सरप्राइज देने का झांसा देकर युवक की आंखों पर पट्टी बांधी। फिर कुर्सी पर बैठाकर रस्सी से हाथ-पैर बांधे और जिंदा जला दिया।

# मोदी को आतंकी कहने पर खड़गे को ईसी का नोटिस

## कांग्रेस अध्यक्ष ने बयान पर सफाई भी दी थी

तमसा संकेत, एजेंसी

कोलकाता/चेन्नई/नई दिल्ली। चुनाव आयोग (EC) ने बुधवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। भाजपा ने आज पीएम मोदी को आतंकी कहने के मामले में चुनाव आयोग से खड़गे की शिकायत की थी। दरअसल खड़गे ने मंगलवार को चेन्नई में चुनाव प्रचार के दौरान पीएम मोदी को आतंकी कहा था। हालांकि बाद में उन्होंने बयान पर सफाई देते हुए कहा था कि PM मोदी लोगों और राजनीतिक पार्टियों को डरा रहे हैं। मैंने कभी नहीं कहा कि वह आतंकवादी हैं। मेरा मतलब है कि मोदी हमेशा धमकी देते हैं।

वहीं, अमित शाह ने पश्चिम



**शाह बोले-राहुल के साथ रहकर भाषा बिगड़ी**

बंगाल के दमदम उत्तर में चुनावी रैली में कहा कि आतंकवाद को खत्म करने वाले नरेंद्र मोदी को खड़गे आतंकवादी कह रहे हैं। राहुल गांधी के साथ रहकर खड़गे की भाषा बिगड़ने लगी है, लेकिन मोदी को जितनी गालियां दोगे, कमल उतना ही ज्यादा खिलेगा।

>> (शेष पेज 06 पर)

योगी बोले-ममता दीदी को रामनाम से चिढ़, कोलकाता मेयर कहते- यहां उर्दू चलेगी

# बंगाल की पहचान काबा नहीं मां काली से : योगी

भाषण

हेमन्त कृष्ण

तमसा संकेत, लखनऊ । पश्चिम बंगाल में सीएम योगी ने कहा- जब भारत आजाद हुआ तो तब पूरा देश रोजगार के लिए बंगाल आता था। उसके बाद पहले कांग्रेस ने लूटा, फिर कम्युनिस्टों ने नोचा, अब 15 साल से टीएमसी कंगाल कर रही है। सीएम ने कहा बुआ-भतीजा मिलकर बंगाल के अस्तित्व को खत्म करना चाहते हैं। कोलकाता का मेयर कहता है यहां उर्दू चलेगी। मैं कहता



हूं कोई माई का लाल बंगाली अस्मिता के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकता। बंगाल की पहचान काबा से नहीं मां काली बाड़ी से है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को पश्चिम बंगाल की जोरासांको और चकदहा विधानसभा सीट पर चुनावी रैली की। भाजपा प्रत्याशियों को जिताने की अपील करते हुए सीएम योगी ने ममता सरकार पर जमकर निशाना साधा। रैली में एक बच्चा पोस्टर लेकर पहुंचा था जिस पर लिखा था- 'योगी जी बुलडोजर लाओ, हम तुम्हारे साथ हैं।' >> (शेष 06 पर)



### ममता दीदी को राम नाम से चिढ़

सीएम योगी ने कहा- बंगाल में धड़ल्ले से गोहत्या होती है। भगवान राम के नाम से ममता दीदी को चिढ़ है। शोभायात्रा निकालने की परमीशन नहीं मिलती, टीएमसी के गुंडे गुडा टैक्स वसूलते हैं। ऐसी स्थित यूपी में भी थी। सपा के गुंडों को टैक्स देना होता था। विकास ठप था, राम का नाम लेने वालों पर लाठी-गोली चलती थी। आज यूपी में उत्सव है। कहीं रामनवमी का उत्सव, कहीं कृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव, कहीं कांवड़ यात्रा का उत्सव। यूपी में सब शांति है माफिया और गुंडा समाप्त है।

### बुलडोजर माफिया-गुंडों की हड्डियों का हाईवे बना देता

सीएम योगी ने कहा- यूपी में माफिया और गुंडा सिर उठाता है तो बुलडोजर उनकी हड्डी-पसली को हाईवे बनाने में उपयोग करता है। कांग्रेस और सपा के समय जो गुंडों ने सरकारी संपत्ति पर कब्जा किए उसमें गरीब की भूमि गरीब को दी। सरकार की जमीन सरकार के पास आई और उनकी खुद की कमाई से अर्जित जमीन पर गरीबों के लिए घर बन रहे हैं। काशी, प्रयागराज में पूरी दुनिया आ रही है। ये तभी होता है जब भाजपा की डबल इंजन की सरकार होती है। हमने अयोध्या-काशी को संवारा है और बंगाल में गुरुदेव रविंद्र की पैतृक संपत्ति पर टीएमसी के गुंडों का कब्जा है।


**चर्चा :** नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर मंत्री का बयान, विपक्ष पर लगाए आरोप

# सर्किट हाउस में पत्रकार वार्ता

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर । बुधवार को अकबरपुर के बसखारी मार्ग स्थित सर्किट हाउस में प्रदेश सरकार के मंत्री गिरीशचंद्र यादव ने पत्रकार वार्ता की। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार की नीतियों, संसद में पेश किए गए नारी शक्ति वंदन अधिनियम और विपक्षी दलों की भूमिका को लेकर बयान दिया। कार्यक्रम में एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय, भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

पत्रकार वार्ता के दौरान मंत्री ने विपक्षी दलों पर कई आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल इस अधिनियम को लेकर भ्रम फैलाने का





प्रयास कर रहे हैं। उनके अनुसार, विपक्ष का रुख सकारात्मक नहीं रहा और इस वजह से कानून प्रक्रिया प्रभावित हुई। मंत्री ने कोटा व्यवस्था के भीतर धर्म आधारित आरक्षण की मांग को लेकर भी बयान दिया। उन्होंने कहा कि ऐसी मांगें असंवैधानिक हैं और प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास करती हैं।

उनके अनुसार, इस तरह के मुद्दे उठाकर वास्तविक विकास और नीतिगत चर्चा से ध्यान भटकाने

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर क्या कहा गया

मंत्री ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम लोकसभा में पेश किया गया था। इसका उद्देश्य महिलाओं को राजनीतिक क्षेत्र में अधिक प्रतिनिधित्व देना और उनकी भागीदारी बढ़ाना था। उन्होंने कहा कि यह कदम महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में मजबूत स्थिति देने के लिए लाया गया था।

उन्होंने दावा किया कि इस अधिनियम का उद्देश्य आधी आबादी को उनका अधिकार और उचित स्थान दिलाना था। मंत्री के अनुसार, यह पहल महिलाओं के सशक्तिकरण से जुड़ी एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया थी, लेकिन विपक्ष के रुख के कारण इसे आगे बढ़ाने में बाधाएं आईं।



**मंत्री ने कहा कि विपक्ष का आचरण महिलाओं ने भी देखा है और आने वाले समय में इसका राजनीतिक जवाब वोट के माध्यम से मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि जनता अब राजनीतिक मुद्दों को लेकर अधिक जागरूक है।**

की कोशिश की जाती है। उन्होंने इसे तुष्टीकरण और राजनीतिक रणनीति का हिस्सा बताया। >> (शेष पेज 06 पर)

# दिल्ली में आईआरएस अफसर की बेटी से घर में रेप और हत्या

## मोबाइल चार्जर के तार से गला घोंटा

वारदात

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली के कैलाश हिल्स इलाके में बुधवार सुबह एक सीनियर IRS अफसर के घर में उनकी 22 साल की बेटी की रेप के बाद हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार, घटना सुबह करीब 6 बजे हुई। युवती घर में अकेली थी।

IRS अफसर और उनकी पत्नी रोज की तरह जिम गए हुए थे। वापस लौटे तो बेटी का शव कमरे में मिला। वह UPSC की तैयारी कर रही थी। शुरुआती जांच के अनुसार, उसके साथ पहले रेप किया गया। फिर मोबाइल चार्जर के तार से गला घोंटकर हत्या की गई। घटना के



**आरोपी पूर्व नौकर गिरफ्तार, होटल में छिपा था**

करीब 14 घंटे बाद दिल्ली पुलिस ने आरोपी, 19 साल के राहुल मीणा को गिरफ्तार किया। वह द्वारका इलाके के एक होटल में छिपा हुआ था। वह IRS अफसर के घर का पूर्व नौकर है। उसे करीब एक महीने पहले पैसों में गड़बड़ी के आरोप में काम से निकाला गया था।

>> (शेष पेज 06 पर)

## पुलिस टांगकर ले गई ईको गार्डन ■ प्रदर्शनकारियों ने घूम-घूमकर कर मांगा भीख

# शिक्षक अभ्यर्थियों का प्रदर्शन

**विरोध**

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ। 'योगी बाबा न्याय करो, सुप्रीम कोर्ट में पैरवी करो' और 'न्याय नहीं दे सकते तो इस्तीफा दो' । इसी नारे के साथ लखनऊ में 69000 शिक्षक भर्ती से जुड़े अभ्यर्थियों ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान अभ्यर्थी दो अलग-अलग हिस्सों में बंट गए। एक समूह ने चारबाग रेलवे स्टेशन के पास भीख मांगकर विरोध किया। तो वहीं दूसरे समूह ने विधान भवन का घेराव किया। अभ्यर्थियों का आरोप है कि भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ियों और सुप्रीम कोर्ट में कमजोर पैरवी के कारण उन्हें वर्षों से नियुक्ति नहीं मिल पा रही है। इस दौरान करीबन आधे घंटे तक अभ्यर्थियों और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की हुई। महिला अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया कि इस दौरान उनके साथ अभद्रता की गई। चूड़ियां तोड़ दी गईं और कपड़े तक फाड़े गए। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की और नोकझोंक हुई। करीब आधे घंटे तक दोनों पक्षों के बीच तीखी झड़प चलती रही। हालात को काबू में करने के लिए पुलिस ने सख्ती दिखाई और कई अभ्यर्थियों को पकड़कर जबरन गाड़ियों में बैठाया।

महिला अभ्यर्थियों को भी महिला पुलिसकर्मियों ने बलपूर्वक हटाया। कुछ को उठाकर (टांग कर) गाड़ियों में बैठाया गया। इसके बाद सभी प्रदर्शनकारियों को ईको गार्डन ले जाकर छोड़ा गया।

### भीख में मिले 470 पुलिस ने छीना

देवरिया से आए धनंजय गुप्ता ने कहा कि हमने भीख मांग कर 470 जमा किया था। सोचा था यही पैसा किराए के लिए काम आएगा और इसी से चाय पानी करेंगे। मगर जब विधानसभा का घेराव करने पहुंचे तो हमारा पैसा पुलिस ने चुरा लिया। स्टेशन पर विकलांगों ने हमें यह पैसा भीख में दिया था। अब हम लोग को फिर से दोबारा भीख मांगना पड़ेगा, तब हम घर पहुंच पाएंगे। अब हम लोगों को कोई लाज शर्म नहीं है।

### 'पिछले 5 वर्षों से न्याय के लिए सड़कों पर संघर्ष कर रहे'

रायबरेली से आए अमित मौर्य ने कहा कि 69000 शिक्षक भर्ती में आरक्षण घोटाले से पीड़ित है। पिछले 5 सालों से हम लोग उत्तर प्रदेश की सड़कों पर दर-दर भटक रहे हैं। प्रदेश सरकार में मुख्यमंत्री से लेकर डिप्टी सीएम और कोई ऐसा मंत्री नहीं बचा है, जिसके आवास पर जाकर हमने घेराव ना किया हो और मदद ना मांगी हो। मगर किसी ने भी हमारी सहायता नहीं किया। गर्मी बरसात सब हमने यहां बर्दाश्त किया है। लाठी खाया है और प्रदर्शन किया है।



■ कुछ अभ्यर्थी इस दौरान विधानभवन के पास पहुंचे। उन्होंने विधान भवन का घेराव किया।

**हालात बिगड़ने पर पुलिस ने कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर ईको गार्डन भेज दिया, जहां कुछ अभ्यर्थी ठेला लगाने वालों से भीख मांगते नजर आए। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वे लंबे समय से न्याय का इंतजार कर रहे हैं।**

## पावर कॉरपोरेशन और कर्मचारी संघ के बीच वार्ता स्थगित

### वार्ता स्थगित से बिजली कर्मचारियों में निराशा

तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड एवं कर्मचारी संगठनों के बीच होने वाली महत्वपूर्ण वार्ता को प्रबंधन की ओर से अचानक स्थगित कर दिया गया है। यह स्थगन कर्मचारियों में काफी निराशा और असमंजस की स्थिति पैदा कर रहा है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन संविदा कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री देवेन्द्र कुमार पाण्डेय नें कहा कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज की बैठक में निम्नलिखित प्रमुख बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा प्रस्तावित थी।

छटनी (सस्पेंशन/हटाए गए) कर्मचारियों को तत्काल कार्य पर वापस लेने का मुद्दा कर्मचारियों की मनमानी छटनी रोकने तथा नौकरियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आश्वासन उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड तथा अन्य ऊर्जा निगमों को नवगठित आउटसोर्स सेवा निगम में शामिल करने संबंधी प्रस्ताव कर्मचारियों के अन्य लंबित हितों एवं सेवा शर्तों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दे किंतु पंकज कुमार, प्रबंध निदेशक, उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के स्थानांतरण/चले जाने के बाद नए प्रबंध निदेशक द्वारा अभी तक कार्यभार ग्रहण न करने के कारण पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन द्वारा आज की निर्धारित वार्ता को अंतिम समय में स्थगित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि यह स्थगन ऐसे समय में किया गया है जब कर्मचारी संगठन लंबे समय से लंबित मुद्दों के समाधान की मांग करते आ रहे थे।

**फास्ट न्यूज**

### लखनऊ मेयर के नेम प्लेट को चप्पलों से पीटा

लखनऊ। लखनऊ में मेयर सुषमा खर्कवाल के आवास पर बुधवार सुबह साथियों के साथ पहुंचे सपा नेता गौरव चौधरी ने उनके नेम प्लेट को चप्पलों से पीटा। उस पर कालिख पोती। सुरक्षा के लिए लगे बैरियरों को झकझोर कर सुषमा खर्कवाल मुर्दाबाद के नारे लगाए। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। वीडियो पर गौरव चौधरी, विधानसभा 43 सिवालखास, मेरठ लिखा है।

### लखनऊ में 5 साल की बच्ची से छेड़छाड़

लखनऊ। लखनऊ में पांच साल की बच्ची से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी बहला फुसलाकर नाबालिग को अपने साथ ले गया। इसके बाद सुनसान जगह पर शराब के नशे में छेड़छाड़ करने लगा। आरोपी के चंगुल से छूटी बच्ची ने पूरी घटना अपनी मां को बताई। इसके बाद मामला पुलिस तक पहुंचा। इंस्पेक्टर महानगर अखिलेश मिश्रा ने बताया- मंगलवार को पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया उसकी 5 साल की बेटी के साथ छेदी लाल नाम के व्यक्ति ने छेड़छाड़ की है। छेदीलाल नाबालिक बेटी को अपनी स्कूटी पर बहलाफुसला कर बैठा लिया।

### सपा मजदूर सभा ने कलेक्ट्रेट घेरा

लखनऊ। लखनऊ में समाजवादी मजदूर सभा सदस्यों ने जोरदार प्रदर्शन किया। जिला कलेक्ट्रेट का घेराव करके प्रदर्शन और नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान नोएडा में मजदूरों पर हुई कार्रवाई का विरोध किया। जिला अध्यक्ष ज्ञानेंद्र कुमार ज्ञानू के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने कहा- अगर प्रदेश और देश में मजदूर और उनके काम का सम्मान नहीं हुआ तो स्थिति नेपाल और श्रीलंका जैसी हो जाएगी।

## अब यूपी बीज निगम कार्मिकों को भी मिलेगा सातवां वेतनमान

तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उदारता और कृषि मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही के प्रयासों के फलस्वरूप उत्तर प्रदेश राज्य बीज विकास निगम के कार्मिकों को सातवां वेतनमान दिए जाने का निर्णय लिया गया है। एक निगम होने के कारण अभी तक इन कर्मियों को सरकारी विभागों की तरह वेतन का यह लाभ प्राप्त नहीं हो सका था। मुख्यमंत्री के इस संवेदनशील निर्णय से निगम के कर्मचारियों में हर्ष व्याप्त है, क्योंकि लंबे समय बाद उन्हें अन्य सरकारी कर्मचारियों की भांति सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों का लाभ मिलेगा।

उत्तर प्रदेश राज्य बीज विकास निगम की वित्तीय स्थिति में पिछले कुछ वर्षों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। निगम वित्तीय वर्ष 2017-18 के बाद से, विशेषकर वित्तीय वर्ष 2019-20 से निरंतर लाभ अर्जित कर रहा है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में निगम द्वारा 40.00 करोड़ रुपये से अधिक का लाभ अर्जित किया जाना संभावित है। निगम की इस सुदृढ़ वित्तीय स्थिति और कर्मियों के समर्पण को देखते हुए ही सातवें वेतनमान की फाइल को स्वीकृति प्रदान की गई है।

- ■ योगी आदित्यनाथ की उदारता और कृषि मंत्री के प्रयासों से कर्मियों को मिला बड़ा उपहार
- ■ लगातार लाभ अर्जित कर रहे निगम का वित्तीय वर्ष 2025-26 में 40 करोड़ रुपये से अधिक का मुनाफा संभावित

## संस्कृति आईएएस के प्रतिभा सम्मान समारोह में सफल अभ्यर्थी हुए सम्मानित

# प्रतिभाओं का सम्मान, विकसित भारत का संकल्प : उपमुख्यमंत्री

तमसा संकेत, संवाददाता




लखनऊ। प्रयागराज में कोचिंग संस्थान संस्कृति आईएएस द्वारा आयोजित 'प्रतिभा सम्मान समारोह–2026' में उत्तर प्रदेश के मा उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने चयनित मेधावी अभ्यर्थियों को सम्मानित किया। उन्होंने प्रयागराज में संस्कृति आई.ए.एस. द्वारा आयोजित 'प्रतिभा सम्मान समारोह- 2026' में संबोधित किया तथा उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग- 2024 में सफलता प्राप्त करने वाले युवाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को देश और प्रदेश का भविष्य बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

समारोह के दौरान उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य एवं संस्थान के निदेशक श्री अखिल मूर्ति द्वारा सफल अभ्यर्थियों को मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशासनिक सेवा में चयन केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की सेवा का एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने युवाओं को ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कहा कि हमारे युवा देश, प्रदेश और अपने परिवारों के उज्ज्वल भविष्य के मजबूत स्तंभ हैं। आप अपने परिश्रम व प्रतिभा से राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाएं, यही हमारी मंगल-कामना है। उन्होंने तीर्थराज प्रयाग की पावन धरती का उल्लेख करते हुए कहा कि यह गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम की भूमि है, जो ज्ञान, साधना और परिश्रम की प्रेरणा देती है।

उपमुख्यमंत्री ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत एवं विकसित उत्तर प्रदेश के निर्माण का लक्ष्य रखते हुए युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने परिवार, गांव और प्रदेश का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित कर रही है, जिससे योग्य और मेहनती अभ्यर्थियों को उनका अधिकार मिल रहा है। किसी भी प्रकार की अनियमितता पर सरकार कठोर कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है।



### मात्र 1 की टोकन राशि पर विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध

इस अवसर पर संस्कृति आईएएस द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में एक सराहनीय पहल करते हुए 'फंडामेंटल कोर्स' का शुभारंभ किया गया, जिसे मात्र 1 की टोकन राशि पर विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध कराया गया है। इस पहल की सराहना करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली छात्रों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। संस्थान के निदेशक श्री अखिल मूर्ति ने विद्यार्थियों की सफलता में संस्थान की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में संस्थान के वरिष्ठ शिक्षकगण—श्री सी.बी.पी. श्रीवास्तव, श्री ए.के. अरुण, श्री राजकुमार एवं श्री के.पी. द्विवेदी सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# सोना-चांदी कारोबारी ने की खुदखुशी

**जांच**

## बहू से चल रहा था दहेज का केस, पेशी के दिन मारी गोली

तमसा संकेत, एजेंसी

दुबग्गा। लखनऊ में सोने-चांदी के कारोबारी ने खुद को लाइसेंसी राइफल से गोली मार ली। घर के पहली मंजिल के कमरे में उनका खून से लथपथ शव मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मौके से लाइसेंसी राइफल बरामद हुई है।

घटना बुधवार सुबह पारा थाना क्षेत्र के बुद्धेश्वर चौराहा स्थित भपटामऊ में हुई। मृतक की पहचान सरदार कप्तान सिंह (55) के रूप में हुई। कप्तान सिंह की बहू का दहेज का केस चल रहा है। बुधवार को पेशी थी। इसको लेकर वह परेशान चल रहे थे। पुलिस का मानना है कि इसी वजह से उन्होंने सुसाइड कर लिया। जानकारी के अनुसार,



सरदार कप्तान सिंह, मृतक

सरदार कप्तान सिंह मूल रूप से कासगंज के रहने वाले थे। उनके चार बेटे हैं। इनमें से दो बेटे विनायक और कुलदीप अपनी पत्नियों के साथ भपटामऊ में ही रहते हैं। अन्य दो बेटे अजय और पवन कासगंज में रहते हैं। पवन की पत्नी मोहिनी का दहेज से जुड़ा मामला कासगंज न्यायालय में विचाराधीन है, जिसकी बुधवार को पेशी थी। इसी कारण परिवार के अधिकांश सदस्य कोर्ट गए हुए थे। घटना के समय घर में मौजूद दोनों बहुएं अपने-अपने कमरों में थीं। इसी दौरान सरदार कप्तान सिंह ने अपनी लाइसेंसी राइफल से खुद को गोली मार ली।

### घर की पहली मंजिल पर मारी गोली

सरदार कप्तान सिंह भपटामऊ में परिवार के साथ रहते थे। बुधवार सुबह वह घर की पहली मंजिल पर बने पीछे के कमरे में गए। वहां लाइसेंसी राइफल से खुद को गोली मार ली। गोली की आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे।

सरदार कप्तान सिंह खून से लथपथ पड़े थे। परिजनों ने घटना की पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू की। एडीसीपी पश्चिम धनंजय कुशवाहा भी मौके पर पहुंचे।

> **सूचना पर बड़ी संख्या में लोग भी मौके पर पहुंच गए। सरदार कप्तान सिंह के घर के बाहर पुलिस तैनात है। पुलिस का कहना है कि साक्ष्य एकत्र किए गए हैं। परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। सभी एंगल पर जांच चल रही है।**

## आज घोषित होगा यूपी बोर्ड 2026 का परीक्षाफल

तमसा संकेत, संवाददाता




प्रयागराज/लखनऊ। माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) के सचिव श्री भगवती सिंह ने जानकारी दी है कि वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षाओं का परिणाम 23 अप्रैल को अपराह्न 4:00 बजे परिषद मुख्यालय, प्रयागराज के सभागार में घोषित किया जाएगा। परीक्षाफल परिषद की आधिकारिक वेबसाइट www.upmsp.edu.in तथा डिजिलॉकर की वेबसाइट https://results.digilocker.gov.in पर उपलब्ध रहेगा।

सचिव यूपी बोर्ड ने बताया कि इस वर्ष बोर्ड परीक्षाएं 18 फरवरी से 12 मार्च के बीच प्रदेश के 8033 परीक्षा केंद्रों पर 15 कार्यदिवसों में सकुशल संपन्न हुईं। हाईस्कूल में 26.02 लाख तथा इंटरमीडिएट में 24.91 लाख परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। इसके बाद 254 मूल्यांकन केंद्रों पर लगभग 2.75 करोड़ उत्तर-पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 18 मार्च से 04 अप्रैल तक 15 कार्यदिवसों में पूर्ण किया गया। त्रुटिहीन परिणाम सुनिश्चित करने के लिए प्रधानाचार्यों एवं वरिष्ठ प्रवक्ताओं को अंकेक्षक के रूप में नियुक्त किया गया।

उन्होंने बताया कि परिषद ने सभी परीक्षार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी हैं। यदि किसी छात्र को अपने प्राप्त अंकों पर संदेह हो, तो उनके लिए स्क्रूटनी (Scrutiny) और कंपार्टमेंट (Compartment) की सुविधा उपलब्ध रहेगी। साथ ही अभिभावकों से अपील की है कि वे विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाएं और उन्हें मानसिक संबल प्रदान करें।

## निर्देश : मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने स्किल डेवलपमेंट में गुणवत्ता और आधुनिकता पर दिया जोर

# 'आईटीआई सुधार और इंडस्ट्री लिंकिंग पर जोर दिया जाय'

- ■ 1 डॉलर ट्रिलियन लक्ष्य पर मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने स्किल डेवलपमेंट को रोजगार से जोड़ने के दिए निर्देश
- ■ ड्रॉपआउट रोकने और आईटीआई आधुनिकीकरण पर करे फोकस
- ■ स्किल डेवलपमेंट से इंडस्ट्री-रेडी युवा तैयार करने पर जोर

तमसा संकेत, संवाददाता





लखनऊ। उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के लक्ष्य को साकार करने के लिए व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग की रणनीतियों की समीक्षा करते हुए राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने निर्देश दिए कि कौशल विकास कार्यक्रमों को समयबद्ध और परिणामपरक बनाया जाए, ताकि युवाओं को सीधे रोजगार से जोड़ा जा सके। बुधवार को उत्तर प्रदेश सचिवालय में आयोजित समीक्षा बैठक में मंत्री अग्रवाल ने विभागीय योजनाओं की प्रगति का आकलन करते हुए कहा कि स्किल डेवलपमेंट केवल प्रशिक्षण तक सीमित न रहकर रोजगारपरक होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आईटीआई और कौशल विकास योजनाओं में गुणवत्ता, आधुनिकता और उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप बदलाव सुनिश्चित किए जाएं। बैठक में आईटीआई के आधुनिकीकरण को लेकर टाटा टेक्नोलॉजी के साथ सहयोग को आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई। मंत्री अग्रवाल ने कहा कि प्रशिक्षण को इंडस्ट्री-रेडी बनाया जाए ताकि युवाओं को प्रशिक्षण के तुरंत बाद रोजगार के अवसर प्राप्त हों।

मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कौशल विकास मिशन और आईटीआई में ड्रॉपआउट पर अधिकारियों को निर्देश दिए कि इसके मूल कारणों की पहचान कर प्रभावी समाधान लागू किए जाएं, जिससे अधिकाधिक युवा प्रशिक्षण पूर्ण कर सकें। उन्होंने निर्देशित किया कि छात्रों के लिए नियमित इंडस्ट्री विजिट, ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग (OJT) और ड्यूल सिस्टम ऑफ ट्रेनिंग (DST) को व्यापक स्तर पर लागू किया जाए, ताकि प्रशिक्षण के साथ व्यावहारिक अनुभव भी सुनिश्चित हो सके। साथ ही सभी आईटीआई में उपकरण, लैब और आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

**बैठक में मंत्री अग्रवाल ने यह भी कहा कि युवाओं को प्रेरित करने के लिए सफल पासआउट छात्रों के अनुभव साझा कराए जाएं तथा सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाए, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़े और वे अपने करियर के प्रति अधिक सजग बनें।**

# 9 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत तैयारियों की समीक्षा बैठक

### बैंकों और वित्तीय संस्थानों को प्रचार-प्रसार व नोटिस भेजने के निर्देश

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। जन सामान्य को त्वरित, सस्ता और सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 9 मई 2026 (शनिवार) को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ में तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक का आयोजन राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली और उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशों के क्रम में तथा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ श्री मलखान सिंह के निर्देशन में किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्राधिकरण के सचिव श्री कुँवर मित्रेश सिंह कुशवाहा ने की।



बैठक में विभिन्न बैंकों और वित्तीय संस्थानों के जिला समन्वयक एवं अधिकारी शामिल हुए। इनमें बैंक ऑफ इंडिया, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, सेंट्रल बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, केनरा बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, यूको बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, यस बैंक, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक, उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक सहित अन्य वित्तीय संस्थानों के प्रतिनिधि और पैनल अधिवक्ता उपस्थित रहे।

सचिव ने राष्ट्रीय लोक अदालत में लगाए जाने वाले वादों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि सभी बैंक अपनी शाखाओं में बैनर लगाकर लोक अदालत का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। साथ ही समय से नोटिस तैयार कर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय को भेजें, ताकि समय पर उनकी तामील सुनिश्चित की जा सके।

उन्होंने यह भी कहा कि व्हाट्सएप, संदेश आदि माध्यमों का उपयोग कर अधिक से अधिक लोगों को सूचित किया जाए, जिससे आगामी लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण संभव हो सके।

# पुलिस अभिरक्षा में पिटाई का आरोप

## जांच

## राजेसुल्तानपुर थाने का मामला, एसपी के निर्देश पर जांच

- हिरासत में लेकर थाने लाई थी पुलिस
- वीडियो में दिखीं चोटें, सोशल मीडिया पर चर्चा
- शांतिभंग में चालान, चोटों की जांच जारी
- जांच के बाद होगी अगली कार्रवाई



बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर । राजेसुल्तानपुर थाना क्षेत्र में पुलिस अभिरक्षा के दौरान युवक के साथ मारपीट का आरोप सामने आया है। मामला सामने आने के बाद जिले में हड़कंप मच गया। पीड़ित का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस अधीक्षक ने मामले का संज्ञान लिया है। उनके निर्देश पर आलापुर क्षेत्राधिकारी ने जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, सोमवार को देवरिया बुजुर्ग गांव निवासी अंकित तिवारी को पुलिस ने मारपीट के एक मामले में हिरासत में लिया था। इसके बाद उसे राजेसुल्तानपुर थाने लाया गया। आरोप है कि थाने में मौजूद पुलिसकर्मियों ने उसके साथ अभद्र व्यवहार किया। वायरल वीडियो में युवक के शरीर पर चोट के निशान दिखाई दे रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद यह मामला सोशल मीडिया पर तेजी से चर्चा में आ गया। इसके बाद पुलिस विभाग भी हरकत में आया। अधिकारियों का कहना है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### सीसी कैमरा रहित कमरे में पिटाई का आरोप

पीड़ित युवक का आरोप है कि उसे थाने के उस कमरे में ले जाया गया, जहां सीसी कैमरा नहीं लगा था। वहीं पर पट्टे से उसकी पिटाई की गई। युवक का कहना है कि विरोध करने पर उसे कार्रवाई की धमकी दी गई। मामले में थर्ड डिग्री देने का आरोप भी लगाया गया है।

### पुलिस का पक्षः शराब के नशे में कर रहा था विवाद

क्षेत्राधिकारी प्रदीप सिंह चंदेल ने बताया कि देवरिया गांव के अधिवक्ता राहुल सिंह द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शिकायत की गई थी। शिकायत में कहा गया था कि युवक शराब के नशे में अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहा था और लोगों को धमका रहा था।

> पुलिस के अनुसार, सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई करते हुए युवक को थाने लाया गया और शांतिभंग की आशंका में उसका चालान किया गया। पुलिस का कहना है कि युवक के शरीर पर चोटों की जांच कराई जा रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

# हंसवर स्टेट के वरिष्ठ सदस्य महेश्वर सिंह का निधन

## 83 वर्ष की आयु में निधन, हृदय गति रुकने से मौत

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर । टांडा विधानसभा क्षेत्र स्थित हंसवर स्टेट के वरिष्ठ सदस्य बाबू कुंवर देवेंद्र बहादुर सिंह उर्फ महेश्वर सिंह का बुधवार सुबह लगभग 7:30 बजे निधन हो गया। वे 83 वर्ष के थे। बताया गया कि उनका निधन हृदय गति रुकने से हुआ। परिजनों के अनुसार, महेश्वर सिंह पिछले दो से तीन वर्षों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका इलाज भी जारी था, लेकिन बुधवार सुबह अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद उनका निधन हो गया।

निधन की सूचना मिलते ही परिवार में शोक छा गया। गांव और आसपास के क्षेत्रों में भी लोग दुखी नजर आए। उनके आवास पर सुबह से ही अंतिम दर्शन के लिए लोगों की भीड़ जुटने लगी। स्थानीय बाजार में उनके सम्मान में एक दिन का अवकाश घोषित किया गया। इसके चलते पूरा बाजार बंद रहा। लोग उनके आवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित करते रहे। निधन की खबर पर विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की। इनमें भाजपा जिला अध्यक्ष त्र्यंबक तिवारी, सांसद लालजी वर्मा, पूर्व सांसद रितेश पांडेय, पूर्व विधायक अनीता कमल, सपा प्रदेश सचिव इंजीनियर मुसाब अजीम सहित कई लोग शामिल रहे।जानकारी के अनुसार, स्वर्गीय महेश्वर सिंह का अंतिम संस्कार बुधवार शाम 5 बजे महादेव घाट पर किया गया। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## फास्ट न्यूज

### नामांकन बढ़ाने को चला घर-घर जागरूकता अभियान

अंबेडकरनगर । अकबरपुर क्षेत्र स्थित कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय पीरपुर में नामांकन बढ़ाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व सहायक अध्यापक डॉ. तारकेश्वर मिश्र जिज्ञासु ने किया। अभियान के तहत सहायक अध्यापिका स्नेह सुधा के साथ शिक्षकों ने गांव में घर-घर जाकर अभिभावकों से संपर्क किया। इस दौरान बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने और नए सत्र में नामांकन कराने के लिए प्रेरित किया गया।

### चौहान की बस्ती भियांव विद्यालय में पृथ्वी दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम

अंबेडकरनगर । जलालपुर क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय चौहान की बस्ती भियांव में 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन ईको क्लब के तत्वावधान में किया गया। इसमें पर्यावरण संरक्षण को लेकर विभिन्न गतिविधियां कराई गईं।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाध्यापक राज बहादुर मिश्रा के संबोधन से हुई। उन्होंने छात्रों को वृक्षारोपण, जल संरक्षण और स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी दी।

### एनआरएलएम में भ्रष्टाचार

बाराबंकी। बाराबंक में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन जिले में विवादों में घिर गया है। बंकी ब्लॉक के विभिन्न ग्राम संगठनों से जुड़ी महिलाओं ने ब्लॉक मिशन मैनेजरों और अधिकारियों पर धन के दुरुपयोग और मनमानी का आरोप लगाया है। महिलाओं का दावा है कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के बजाय, सरकारी बजट का दुरुपयोग कर खास फर्मों से खरीदारी का दबाव बनाया गया।

# दहेज हत्या में पति, सास और ननद दोषी, 10-10 साल की सजा

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर । अंबेडकरनगर में दहेज हत्या के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश रामविलास सिंह की अदालत ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट ने पति, सास और ननद को दोषी करार देते हुए 10-10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। तीनों पर चार-चार हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है।

मामले के अनुसार, अकबरपुर क्षेत्र के बरवा नासिरपुर निवासी दिलीप कुमार ने अपनी बहन ममता की शादी 4 मई 2016 को बनगांव डिहवा निवासी सूरज उर्फ विपेंद्र के साथ की थी। आरोप था कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष दहेज को लेकर उत्पीड़न करता था।

बताया गया कि 26 अप्रैल 2021 की सुबह ममता ने फोन कर अपने साथ मारपीट की जानकारी दी थी। इसके बाद परिजन जिला अस्पताल पहुंचे। वहां सूचना मिली कि उसे जलाकर गंभीर रूप से घायल किया गया है। ममता को अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना में ससुर बाबूराम भी झुलस गए थे और उन्हें भी उपचार के लिए भर्ती कराया गया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति, सास, ससुर और ननद के खिलाफ दहेज हत्या समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। जांच के बाद चार्जशीट न्यायालय में प्रस्तुत की गई। विचारण के दौरान कोर्ट ने पाया कि ससुर बाबूराम के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य नहीं हैं। मृतका के बयान में विरोधाभास होने के कारण उन्हें दोषमुक्त कर दिया गया। उन्होंने अपने बचाव में कहा था कि वह बहू को बचाने के प्रयास में झुलस गए थे।

# लूटकांड में गिरफ्तार सफाईकर्मी निलंबित, की गई कार्रवाई

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । अंबेडकरनगर के जहांगीरगंज क्षेत्र में कपड़ा व्यापारियों से हुई लूट के मामले में बड़ा प्रशासनिक कदम उठाया गया है। गिरफ्तार सफाईकर्मी आयुष पटेल को जिला पंचायत राज विभाग ने मंगलवार को निलंबित कर दिया है।

घटना 12 अप्रैल की बताई गई है। बिहार से वसूली कर लौट रहे कपड़ा व्यापारी मो. जलाल और रईस अहमद के साथ जहांगीरगंज इलाके में लूट की घटना हुई थी। दोनों व्यापारी हंसवर और जहांगीरगंज क्षेत्र के निवासी हैं।

जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि व्यापारी जलाल के भाई शाहिद ने लूट की वारदात में आयुष पटेल की कार का इस्तेमाल किया था। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई तेज की।

### जहांगीरगंज लूटकांड से जुड़ा मामला




पुलिस ने सोमवार को शाहिद और आयुष पटेल सहित कुल आठ लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मामले की जांच आगे भी जारी है। जिला पंचायत राज अधिकारी उपेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि आयुष पटेल के खिलाफ बसखारी थाने में पहले से तीन मुकदमे दर्ज हैं। अब लूटकांड में नाम आने के बाद विभागीय कार्रवाई की गई है।

रामनगर विकासखंड के एडीओ पंचायत को पूरे मामले की जांच सौंपी गई है। विभाग का कहना है कि जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

# गड्ढों में तब्दील हुई सड़क, शुक्लपट्टी से श्रवण धाम मार्ग बदहाल

## दो दशक पहले बनी सड़क, अब खस्ताहाल

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर । कटेहरी विधानसभा क्षेत्र में शुक्लपट्टी गांव से श्रवण धाम को जोड़ने वाली सड़क बदहाल स्थिति में पहुंच गई है। करीब दो दशक पहले मंडी समिति की ओर से इस सड़क का निर्माण कराया गया था। समय के साथ मरम्मत न होने के कारण सड़क पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो गई है।

यह सड़क आसपास के कई गांवों को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है। रोजाना बड़ी संख्या में लोग इसी रास्ते से आवागमन करते हैं। खराब सड़क के कारण ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

सड़क पर जगह-जगह बड़े गड्ढे हो गए हैं। बरसात के दिनों में इनमें पानी भर जाता है, जिससे स्थिति और खराब हो जाती है। राहगीरों और वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का खतरा बना रहता है। स्थानीय स्तर पर कई बार सड़क की मरम्मत की मांग उठाई गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। लंबे समय से सड़क की हालत जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि संबंधित विभाग इस समस्या को लेकर गंभीर नहीं दिख रहा है। सड़क की स्थिति खराब होने के बावजूद मरम्मत कार्य शुरू नहीं किया गया है।

खराब सड़क के कारण वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई है। इससे लोगों का समय भी अधिक लग रहा है। स्कूली बच्चों और मरीजों को सबसे ज्यादा दिक्कत हो रही है।

# सरयू नदी में नहाते समय युवक डूबा

## एसडीआरएफ की टीम तलाश में जुटी, कम्हरिया घाट पर हुआ हादसा

## तलाश

- सूचना मिलते ही राजेसुल्तानपुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ग्रामीणों के साथ मिलकर सर्च अभियान चलाया, लेकिन देर रात तक कोई सफलता नहीं मिली।



तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । राजेसुल्तानपुर थाना क्षेत्र स्थित कम्हरिया घाट पर मंगलवार देर शाम बड़ा हादसा हो गया। सरयू नदी में स्नान के दौरान एक युवक डूब गया। घटना के बाद से युवक का कोई सुराग नहीं मिल सका है। डूबे युवक की पहचान गढ़वल पंडित का पूरा गांव निवासी 22 वर्षीय प्रियांशु उर्फ बॉबी गौतम के रूप में हुई है। वह कम्हरिया घाट स्थित मंदिर में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम के लिए टेंट लगाने आया था। थानाध्यक्ष अक्षय पटेल ने बताया कि युवक की तलाश के लिए राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (SDRF) की टीम को बुलाया गया है। टीम नदी में लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही है।

घटना के बाद युवक के परिजनों में चिंता बनी हुई है। पुलिस का कहना है कि तलाश अभियान जारी है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। घटना के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तत्काल खोजबीन शुरू की। स्थानीय गोताखोरों की मदद से नदी में तलाश की गई, लेकिन युवक का कोई पता नहीं चल सका।

- धार्मिक कार्यक्रम में आया था युवक
- पुलिस ने संभाला मोर्चा
- एसडीआरएफ टीम कर रही सर्च ऑपरेशन
- परिजनों में चिंता का माहौल

### नहाते समय गहरे पानी में गया

मंगलवार शाम सूरज ढलने के बाद प्रियांशु नदी में स्नान करने गया था। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। आसपास मौजूद लोगों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी।

# पृथ्वी दिवस पर एएसपी विद्यापीठ में दिलाई गई पर्यावरण संरक्षण की शपथ

## छात्र-छात्राओं और कर्मचारियों ने लिया संकल्प

तमसा संकेत, संवाददाता




अंबेडकरनगर । पृथ्वी दिवस के अवसर पर एएसपी विद्यापीठ में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्थान के छात्र-छात्राओं और कर्मचारियों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। कार्यक्रम का उद्देश्य धरती के प्रति जिम्मेदारी और जागरूकता बढ़ाना रहा।

कार्यक्रम का नेतृत्व डायरेक्टर डॉ. निर्मल सिंह और प्रिंसिपल जयशंकर पांडे ने किया। उनकी अगुवाई में बुधवार को संस्थान परिसर में सभी ने एक साथ पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और स्टाफ मौजूद रहा।

इस अवसर पर पृथ्वी दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला गया। बताया गया कि यह दिन लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए मनाया जाता है। धरती को सुरक्षित रखने के लिए पेड़ लगाना, जल संरक्षण करना और प्रदूषण कम करना जरूरी है।

कार्यक्रम में कहा गया कि यदि समय रहते पर्यावरण संरक्षण के लिए कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाली पीढ़ियों पर इसका गंभीर प्रभाव पड़ेगा। इसलिए हर व्यक्ति को अपने स्तर पर प्रयास करने की जरूरत है।

संस्थान में उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में पर्यावरण की रक्षा करने और दैनिक जीवन में प्रकृति के अनुकूल व्यवहार अपनाने का संकल्प लिया। आयोजन के माध्यम से सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

# टांडा कोतवाली में सख्ती, प्रभारी दीपक सिंह रघुवंशी की कार्यशैली चर्चा में

तमसा संकेत, संवाददाता



टांडा। क्षेत्र में कोतवाली प्रभारी दीपक सिंह रघुवंशी की कार्यशैली इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई है। उनके नेतृत्व में क्षेत्र में छोटे अपराधों पर नियंत्रण देखने को मिला है। पुलिस की सक्रियता के कारण कई मामलों में त्वरित कार्रवाई की गई है। कोतवाली पुलिस ने हाल के दिनों में कई मामलों का खुलासा किया है। लंबित मामलों के निस्तारण पर भी जोर दिया गया। पुलिस टीम की लगातार सक्रियता से अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।

स्थानीय स्तर पर यह बात सामने आई है कि कार्रवाई के दौरान निष्पक्षता बनाए रखी जा रही है। कानून के दायरे में रहते हुए मामलों का निस्तारण किया जा रहा है। किसी भी प्रकार के दबाव से परे रहकर कार्य करने की बात कही जा रही है। क्षेत्र में पुलिस की सख्ती का असर अपराधियों पर भी देखा जा रहा है। नियमित गश्त और जांच अभियान के चलते संदिग्ध गतिविधियों पर रोक लगाने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस की मौजूदगी से क्षेत्र में सतर्कता बढ़ी है।

पुलिस टीम द्वारा जमीनी स्तर पर लगातार निगरानी की जा रही है। संवेदनशील स्थानों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। टीमवर्क और त्वरित निर्णय के जरिए व्यवस्था को बनाए रखने की कोशिश की जा रही है। पुलिस द्वारा आम लोगों से संवाद स्थापित करने पर भी जोर दिया जा रहा है। शिकायतों के निस्तारण के लिए स्थानीय स्तर पर संपर्क बढ़ाया गया है। इससे लोगों की समस्याओं को समझने में मदद मिल रही है।

## परीक्षणः 68 वर्ष से अधिक डॉक्टरों को देना होगा फिटनेस प्रमाण पत्र

# निजी अस्पतालों के लिए नए नियम लागू

## लाइसेंस जारी और नवीनीकरण के लिए अनिवार्य शर्त

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । निजी अस्पतालों और डायग्नोस्टिक सेंटरों के संचालन को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने नए नियम लागू किए हैं। अब 68 वर्ष या उससे अधिक आयु के सर्जन, फिजीशियन और एनेस्थेटिस्ट डॉक्टरों को मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में स्वास्थ्य प्रमाण पत्र जमा करना होगा। यह प्रमाण पत्र नए लाइसेंस जारी करने और पुराने लाइसेंस के नवीनीकरण दोनों के लिए अनिवार्य किया गया है।

नए निर्देशों के तहत निरीक्षण के समय पैनल में शामिल डॉक्टरों की उपस्थिति सुनिश्चित करनी होगी। यदि निरीक्षण के दौरान डॉक्टर अनुपस्थित पाए जाते हैं, तो संबंधित अस्पताल के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण और नियमों के पालन की जिम्मेदारी पीसीपीएनडीटी के नोडल अधिकारी डॉ. संजय कुमार वर्मा और एसीएमओ डॉ. रामानंद सिद्धार्थ को सौंपी गई है। दोनों अधिकारी नियमित रूप से अस्पतालों का निरीक्षण करेंगे और रिपोर्ट तैयार करेंगे। जिले में निजी अस्पतालों और जांच केंद्रों की संख्या तेजी से बढ़ रही है।



> विभाग ने अस्पतालों द्वारा फर्जी या निष्क्रिय डॉक्टरों को पैनल में दिखाने की शिकायतों को गंभीरता से लिया है। अक्सर लाइसेंस के समय डॉक्टरों की सूची दिखाई जाती है, लेकिन बाद में वे अस्पताल में सेवाएं नहीं देते। अब ऐसे मामलों पर सख्त कार्रवाई की तैयारी है।

### हर सोमवार को होगा स्वास्थ्य परीक्षण

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार शैवाल ने बताया कि इस आयु वर्ग के डॉक्टरों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाएगा। इसके लिए हर सोमवार को एक टीम गठित की गई है। यह टीम डॉक्टरों की फिटनेस की जांच करेगी और उसके आधार पर प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा।

स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह व्यवस्था केवल पुराने लाइसेंस के नवीनीकरण तक सीमित नहीं है। नए लाइसेंस के लिए आवेदन करने वाले अस्पतालों पर भी यही नियम लागू होंगे। बिना स्वास्थ्य प्रमाण पत्र के संबंधित डॉक्टरों को पैनल में शामिल नहीं किया जा सकेगा।

# टांडा कोतवाली में सख्ती, प्रभारी दीपक सिंह रघुवंशी की कार्यशैली चर्चा में

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर । जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला के स्थानांतरण पर कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को विदाई समारोह आयोजित किया गया। उनका तबादला गाजीपुर जनपद के लिए हुआ है। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया।

समारोह में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ज्योत्स्ना बंधु, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार शैवाल और अपर पुलिस अधीक्षक श्यामदेव सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि उनके कार्यकाल में प्रशासनिक कार्यों में तेजी आई और व्यवस्था मजबूत हुई।

कार्यक्रम में बताया गया कि जिलाधिकारी ने जनता दर्शन के माध्यम से लोगों की समस्याओं का निस्तारण कराया। शिकायतों के समाधान में पारदर्शिता और समयबद्धता पर विशेष ध्यान दिया गया। इससे आम लोगों तक प्रशासन की पहुंच बढ़ी।

अधिकारियों के अनुसार, उनके कार्यकाल में विभिन्न विकास योजनाओं को तेजी से लागू किया गया। आधारभूत सुविधाओं के विस्तार पर भी जोर दिया गया। शासन की योजनाओं को जरूरतमंदों तक पहुंचाने के प्रयास किए गए।

समारोह में उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके कार्यकाल को महत्वपूर्ण बताया। कहा कि प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार के लिए किए गए प्रयास लंबे समय तक याद किए जाएंगे। विदाई के दौरान अनुपम शुक्ला ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का धन्यवाद किया।

# सम्पादकीय

## पहलगाम की पीड़ा



एक वर्ष पहले आज के ही दिन कश्मीर के पर्यटन स्थल पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकियों ने जिस तरह 25 पर्यटकों को उनका मजहब पूछकर मारने के साथ एक स्थानीय टट्टू वाले को भी गोलियों का निशाना बनाया था, उसने सारे देश को हिलाकर रख दिया था। इस बर्बर आतंकी घटना को भूला नहीं जा सकता-इसलिए और भी नहीं, क्योंकि वह पाकिस्तान अब भी भारत को अस्थिर और आतंकित करने के षड्यंत्र रचते रहता है, जिसके इशारे पर इस भीषण आतंकी घटना को अंजाम दिया गया था।

पाकिस्तान जिस प्रकार भारत के लिए खतरा बने जैश और लश्कर के साथ उनके मुखौटा आतंकी संगठनों को पाल-पोस रहा है, उससे भारत को सचेत रहने के साथ ही उसे निरंतर यह चेताने की भी आवश्यकता है कि यदि भविष्य में किसी आतंकी हमले में उसका हाथ दिखा तो आपरेशन सिंदूर जैसी कठोर सैन्य कार्रवाई फिर होगी।

वैसे भी यह आपरेशन स्थगित स्थिति में है। इसका अर्थ है कि भारतीय सेना पाकिस्तान की किसी करतूत का जवाब देने के लिए तत्पर है। यह तत्परता समय की मांग भी है। यह अच्छा है कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान को यह स्मरण कराया कि भारत भूलता नहीं है और जब मानवता की सीमाएं पार होती हैं तो प्रतिक्रिया निर्णायक होती है।

पाकिस्तान अपने यहां के आतंकी ढांचे को खत्म करने के स्थान पर जिस तरह अपनी भौगोलिक स्थिति का बेजा लाभ उठाकर विश्व और विशेष रूप से अमेरिका की आंखों में धूल झोंकने में लगा हुआ है, वह शुभ संकेत नहीं। विडंबना यह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप अपने निजी संकीर्ण स्वार्थों को पूरा करने के फेर में पाकिस्तान की पीठ पर हाथ रखे हुए हैं।

भारत को केवल पाकिस्तान से ही सावधान नहीं रहना, बल्कि देश के अंदर सक्रिय आतंकी तत्वों को लेकर भी सतर्कता बढ़ानी होगी। इसकी अनदेखी न की जाए कि आतंकी साजिश रचने वाले जिहादी तत्व आए दिन गिरफ्त में आते रहते हैं। इनमें पढ़े-लिखे युवा और यहां तक कि डाक्टर और इंजीनियर भी हैं। इनमें से कई पाकिस्तान में बैठे हैंडलरों के इशारे पर आतंकी गतिविधियां संचालित करते पकड़े जाते हैं। आतंकी खतरा जितना सीमा पार से है, उतना ही सीमा के अंदर से भी। आतंक के खिलाफ सतर्कता का स्तर बढ़ाने के साथ ही यह भी सुनिश्चित करना आवश्यक है कि जिन आतंकियों के मामले अदालतों में हैं, उनका निपटारा प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र हो। इसी के साथ ही सरकारों को आतंक के शिकार लोगों के परिवारों की हरसंभव सहायता करने के मामले में अतिरिक्त संवेदनशीलता का परिचय देना होगा। जो लोग किसी आतंकी घटना में अपने स्वजन खोते हैं, वे सदा के लिए दुख-दर्द से गुजरते हैं। सरकार और समाज की ओर से उन्हें यही संदेश जाना चाहिए कि वे उनका संबल बनने के लिए प्रतिबद्ध और एकजुट हैं।

# सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट: अब 100 किलो से ज्यादा कचरा खुद निपटाना होगा




> संशोधित नियम चक्रीय अर्थव्यवस्था और विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व के सिद्धांतों को एकीकृत करते हैं जिसमें अपशिष्ट के कुशल पृथक्करण और प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया गया है। नियमों का पालन न करने यानि बिना पंजीकरण के संचालन, गलत रिपोर्टिंग, जाली दस्तावेज जमा करना या ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के अनुचित तरीके अपनाने पर पर्यावरणीय मुआवजा लगाने का प्रावधान करते हैं।



भारत कचरा प्रबंधन के बढ़ते संकट का सामना कर रहा है जो न केवल पर्यावरण, बल्कि जन स्वास्थ्य और आर्थिक स्थिरता के लिए भी खतरा बन गया है। दुनिया के सबसे ज़्यादा आबादी वाले देशों में से एक होने के नाते भारत हर साल लगभग 62 मिलियन टन कचरा पैदा करता है. इसमें से केवल 75-80 फीसदी ही इकट्ठा हो पाता है और 30 फीसदी से भी कम का ट्रीटमेंट या रीसाइक्लिंग हो पाता है। बाकी बचा हुआ कचरा ओवरफ़्लो होते लैंडफ़िल, खुले कूड़ाघरों और जल निकायों में पहुंच जाता है जिससे गंभीर पर्याव-रणीय प्रदूषण और जन स्वास्थ्य संबंधी खतरे पैदा होते हैं। चुनौती केवल कचरे की बढ़ती मात्रा को संभालने की नहीं है बल्कि ऐसे टिकाऊ और नए समाधान अपनाने की भी है जो तेज़ी से हो रहे शहरी-करण और बदलते उपभोग के तरीकों के साथ तालमेल बिठा सकें।

अब केंद्रीय सरकारी विभाग, स्थानीय निकाय, निजी कंपनियां, औद्योगिक इकाइयां, होटल, अस्पताल, मॉल और हाउसिंग सोसायटी जो हर रोज 100 किलो से अधिक कचरा पैदा करते हैं, उसके निपटान के लिए खुद जिम्मेदार होंगे। एक अप्रैल 2026 से लागू ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के तहत अब यह प्रावधान किया गया है। इस अहम प्रावधान पर 15 अप्रैल 2026 को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) की केंद्रीय पीठ में सुनवाई हुई। एनजीटी ने विस्तृत रिपोर्ट भी तलब की है। एनजीटी ने निर्देश दिया कि एक संयुक्त समिति बनाई जाए जो नियमों के प्रभावी पालन की जांच करे और छह हफ्तों में तथ्यात्मक व कार्रवाई रिपोर्ट पेश भी करेगी। इन नए नियमों का उद्देश्य लैंडफिल ;कूड़े के पहाड़ों पर निर्भरता कम करना और कचरे को एक संसाधन के रूप में इस्तेमाल करना है। भारत में प्रति भारतीय नागरिक औसतन 0.25-0.5 किलोग्राम कचरा प्रतिदिन पैदा करता है जो 2030 तक 165 मिलियन टन तक बढ़ सकता है। इसमें लगभग 45.50 फीसदी गीला, 35 फीसदी सूखा ;प्लास्टिक, कागज, धातु, और शेष खतरनाक या ई-कचरा होता है। भारत में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन तीव्र शहरीकरण के कारण एक गंभीर चुनौती है। केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (एसडबल्यूएम) नियम 2026 को अधिसूचित किया था जो ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 का स्थान लेंगे। ये नियम पर्यावरण ;संरक्षण अधिनियम 1986 के तहत अधिसूचित किए गए हैं और 1 अप्रैल 2026 से पूरी तरह प्रभावी हो गए। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश तैयार करेगा जबकि राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और प्रदूषण नियंत्रण समितियां पर्यावरणीय मुआवजा वसूल करेंगी।

जानिए क्या है सोलिड वेस्ट मैनेजमेट

सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट ;ठोस अपशिष्ट प्रबंधनद्ध घरों, उद्योगों और वाणिज्यिक क्षेत्रों से उत्पन्न ठोस कचरे को इकट्ठा करनेए परिवह-नए उपचार और निपटान की एक व्यवस्थित प्रक्रिया है। इसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण और स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों को कम करना है। 1 अप्रैल 2026 से नए सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स लागू हैं जिसके तहत 100 किलो से अधिक कचरा पैदा करने वाले संस्थानों को अपने कचरे का निपटान स्वयं करना अनिवार्य है।

**नए नियमों के मुख्य बिंदु**

बल्क वेस्ट जनरेटर (बीडब्लूजी) के तहत जो संस्थाएं प्रतिदिन 100 किलो से ज्यादा कचरा या 20000 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल वाले परिसर में हैं, उन्हें खुद कचरा प्रबंधन करना होगा ।4.बिन (चार.स्तरीय) पृथक्करण के तहत कूड़े को अब चार अलग.अलग डिब्बों में बांटना अनिवार्य है जैसे गीला, हरा, सूखा ;नीला, सैनेटरी ;लाल, और खतरनाक काला। डिजिटल ट्रैकिंग करनी होगी यानि एक केंद्रीकृत ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से कचरे के जेनरेशन से लेकर डिस्पोजल तक की ट्रैकिंग की जाएगी। निपटान की जिम्मेदारी भी तय होगी यानि गीले कचरे से कंपोस्ट या बायोगैस बनानी होगी। यदि परिसर के अंदर यह संभव नहीं है तो अधिकृत एजेंसियों को काम सौंपना होगा। नियमों का पालन न करने पर एनजीटी के निर्देशानुसार सख्त कानूनी कार्यवाही की जा सकती है। भारत की कचरा समस्या का पैमाना इस बात को दिखाता है कि एक ऐसे देश में कचरा प्रबंधन कितना जटिल है जहां सामाजिक.आर्थिक और भौगोलिक विविधता बहुत ज़्यादा है। शहरी इलाकों में बढ़ती जनसंख्या घनत्व, उपभोक्तावाद और बुनियादी ढांचे की कमी के कारण भारी मात्रा में म्युनिसिपल सॉलिड वेस्ट जमा हो गया है। अकेले दिल्ली ही हर दिन लगभग 11 हजार मीट्रिक टन कचरा पैदा करता है। इसके विपरीत ग्रामीण इलाकों में अलग लेकिन उतनी ही गंभीर समस्याएं हैं इनमें कचरा इकट्ठा करने के अपर्याप्त सिस्टम, रीसाइक्लिंग सुविधाओं की कमी और कचरे को गलत तरीके से ठिकाने लगाने के तरीके शामिल हैं जैसे कि खुले में जलाना या खेतों और जल निकायों में फेंक देना। खराब कचरा प्रबंधन के पर्यावरणीय परिणामों में मिट्टी का खराब होना भूजल का दूषित होना और ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन बढ़ना शामिल है।

-पुनीत उपाध्याय

## बारूद की दहलीज पर कूटनीति: कैसे आएगी शांति की सुबह ?

ईरान–अमेरिका–इज़रायल त्रिकोण में अगर झूम में लटका हुआ शांति वार्ता का एजेंडा एवं संघर्ष अब दूसरे दौर की शांति वार्ता के मुहाने पर खड़ा है। यह वार्ता केवल तीन देशों के बीच तनाव कम करने का प्रयास भर नहीं है, बल्कि पश्चिम एशिया की जटिल भू-राजनीतिक बिसात पर एक निर्णायक चाल भी साबित हो सकती है। सवाल यह है कि क्या यह वार्ता शांति की दिशा में ठोस कदम होगी या फिर कूटनीतिक शब्दाडंबर का एक और अध्याय?

सबसे पहले, इस वार्ता के मुख्य बिंदुओं को समझना आवश्यक है। ईरान का मूल आग्रह है—आर्थिक प्रतिबंधों में राहत और उसकी परमाणु गतिविधियों को वैध सुरक्षा ढांचे के भीतर स्वीकार्यता। अमेरिका की प्राथमिकता है—ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर सख्त नियंत्रण और क्षेत्रीय मिलिशिया समूहों के प्रति उसकी कथित समर्थन नीति पर अंकुश। वहीं इज़रायल के लिए यह अस्तित्व का प्रश्न है; वह किसी भी सूरत में ईरान को परमाणु हथियार क्षमता के करीब पहुंचने नहीं देना चाहता। इन तीनों के बीच अविश्वास की गहरी खाई ही वार्ता की सबसे बड़ी बाधा है। अमेरिका और ईरान के बीच 2015 का परमाणु समझौता टूटने के बाद विश्वास बहाली आज भी अधूरी है। इज़रायल, जो इस समझौते का प्रारंभ से विरोधी रहा, वह किसी भी नरम रुख को अपनी सुरक्षा के खिलाफ मानता है। यही कारण है कि वार्ता की मेज पर सबसे बड़ा अवरोध "विश्वास" का है—जिसकी अनुपस्थिति हर समझौते को कागज़ी बना देती है। इसके अतिरिक्त, क्षेत्रीय राजनीति भी इस गतिरोध को और जटिल बनाती है। पाकिस्तान, तुर्की और मिस्र जैसे देश अपने-अपने रणनीतिक हितों के साथ इस समीकरण में सक्रिय या परोक्ष भूमिका निभा रहे हैं। पाकिस्तान, जो खुद आर्थिक और राजनीतिक अस्थिरता से जूझ रहा है, इस्लामी एकजुटता के नाम पर ईरान के पक्ष में झुकाव दिखा सकता है, लेकिन वह अमेरिका से दूरी भी नहीं बना सकता।

**डॉ घनश्याम बादल**

## यह उत्तर कोरिया के लिए...

कमलेश पांडेय

# भारत व दक्षिण कोरिया के बीच हुई नई डील के सियासी निहितार्थ

दुनिया भर में भारत की कूटनीति अपने अनोखे अंदाज के लिए चर्चित रहती आई है, क्योंकि हम तमाम हानि-लाभ की परवाह किए बगैर वसुधैव कुटुंबकम और सर्वे भवंतु सुखिनः के सभ्यता-संस्कृतिगत सिद्धांतों को अमली जामा पहनाते आए हैं हालांकि कोई इसे गुटनिरपे-क्षता समझता है तो कोई निज स्वार्थपरकता, जो गलत भी नहीं है। आखिर बिना स्वार्थ साधे परमार्थ भी किया जाए तो कैसे? इसलिए व्यवहारम फलदायकम हमारा मूलमंत्र है। भारत और दक्षिण कोरिया के बीच हुई नई डील (व्यापार, तकनीक, रक्षा और ऊर्जा सहयोग) को इसी नजरिए से देखने की जरूरत है क्योंकि इससे ही द्विपक्षीय रिश्तों के साथ साथ हिंद प्रशांत के रणनीतिक संतुलन में भी गहरे सियासी निहितार्थ निकलते हैं। आइए क्रमबद्ध तरीके से इसे समझते हैं-पहला, भारत की वैश्विक रणनीतिक स्थिति मजबूत होना सबसे ज्यादा मायने रखता है। जहां भारत दक्षिण कोरिया की "विशेष रणनीतिक साझेदारी" को आगे बढ़ाने के घोषणाओं से भारत को उत्तर पूर्व एशिया और इंडो पैसिफिक में एक अलग मध्य शक्ति के रूप में स्थापित करने में मदद मिलती है, वहीं दक्षिण कोरिया का भारत नेतृत्व वाली पहलों जैसे इंडिया पैसिफिक ओशियन इनिशिएटिव और सोलर एलायंस में शामिल होना भारत की "मल्टी एलायंस" रणनीति को वैधता देता है।



दूसरा, अमेरिकी चीन टकराव में एक मजबूत तीसरा धुरा, जो संतुलनकारी साबित हो सकता है। दक्षिण कोरिया, जो राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में अमेरिका का मजबूत सहयोगी है, अब भारत के साथ चिप, एआई, ऊर्जा और जल मार्ग जैसे क्षेत्रों में गहरा तकनीकी आर्थिक सहयोग बना रहा है; यह चीन केंद्रित आपूर्ति श्रृंखला से बचने के लिए ₹डी-रिस्किंग₹ रणनीति का हिस्सा है क्योंकि इससे भारत, अमेरिका जैसे देशों के लिए चीन के बिना एक वैकल्पिक टेक और विनिर्माण हब बनने की दिशा में आगे बढ़ता है जिससे हिंद प्रशांत में चीन विरोधी छोटे गुटों के लिए भारत का भू रणनीतिक मूल्य बढ़ता है। भारत इसे भुनाने में भी पीछे नहीं रहता ताकि भारत के पड़ोसियों से चीन के बेहतर होते सम्बन्धों को उसके पड़ोस से साधकर अपना हित वर्द्धन किया जा सके।

तीसरा, अंतरराष्ट्रीय व्यापार और सुरक्षा व्यवस्था पर गहरा असर इसलिए कि भारत और दक्षिण कोरिया के बीच व्यापार 2030 तक 50 अरब डॉलर तक पहुंचाने के साथ ही चिप से शिप जैसी डील्स को रफ्तार देने से दोनों देश आपूर्ति श्रृंखलाओं में आपसी निर्भरता बढ़ा रहे हैं। इससे किसी भी एक बड़े खिलाड़ी (जैसे चीन या अमेरिका) के दबाव से निकलने की लचीलापन बढ़ता है। इसके अलावा, दोनों देशों ने ऊर्जा आपूर्ति, आर्थिक सुरक्षा वार्ता और नौसैनिक लॉजिस्टिक सहयोग पर भी जोर दिया है, जिससे दक्षिण कोरिया को भी भारत के माध्यम से ईरान और मध्य पूर्व से ऊर्जा तक पहुंच के विकल्प मिलते हैं। इससे भारत को विभिन्न तरह की मजबूती मिलती है।

चौथा, चीन और उत्तर कोरिया पर निर्देशित संदेश का रणनीतिक फायदा मिलता है। भारत दक्षिण कोरिया की बढ़ती रक्षा और तकनीकी साझेदारी, खासकर चिप, एआई, डिफेंस इंडस्ट्री और नौसैनिक लॉजिस्टिक पर काम, क्षेत्रीय स्थिरता के नाम पर चीन की समुद्री दबाव रणनीति के खिलाफ एक छोटा बफर बनाती है। यह उत्तर कोरिया के लिए भी यह ज्यादा टेंशन वाला है, क्योंकि दक्षिण कोरिया भारत सहयोग से उसके अपने देश के खिलाफ एक और बाहरी "प्रतिनिधित्व" बनता है, जो चीन रूस के साथ उसके एकमात्र बड़े सहयोग पर भी राजनीतिक दबाव डाल सकता है।

पांचवां, भारत के भीतरी राजनीतिक लाभ महत्वपूर्ण होते हैं। भारत के लिए यह डील एक ऐसा नारा बनती है जिससे सत्ताधारी गठबंधन यह दिखाने की कोशिश कर सकता है कि "मल्टी एलायंस विदेश नीति" और तकनीक आधारित "वैश्विक फैक्टरी" की तस्वीर धीरे धीरे असली हो रही है। इससे चुनावी राजनीति में "मजबूत वैश्विक भागीदार" बनने की चित्रण रणनीति मजबूत होती है, खासकर जब भारत अमेरिका, जापान, कोरिया और ऑस्ट्रेलिया के साथ अलग अलग गैर आधिकारिक गुटों में एक बड़ा खिलाड़ी बन रहा है।

## एक अच्छी...

बाबूलाल नागा

# विश्व पुस्तक दिवस ज्ञान का उत्सव



ज्ञान, शिक्षा और सभ्यता के विकास में पुस्तकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण रही है। पुस्तकें मनुष्य के जीवन को दिशा देने वाली अमूल्य धरोहर हैं। वे न केवल हमें जानकारी प्रदान करती हैं, बल्कि हमारे विचारों को भी समृद्ध बनाती हैं। पुस्तकें व्यक्ति के व्यक्तित्व निर्माण, नैतिक विकास और मानसिक उन्नति में सहायक होती हैं। इसी कारण पुस्तकों के महत्व को समझाने और पढ़ने की आदत को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक वर्ष 23 अप्रैल को पूरे विश्व में विश्व पुस्तक दिवस मनाया जाता है। यह दिन पुस्तकों, लेखकों, प्रकाशकों और पाठकों को समर्पित है। विश्व पुस्तक दिवस मनाने की शुरुआत यूनेस्को द्वारा वर्ष 1995 में की गई थी। इस दिन को चुनने के पीछे विशेष कारण है। 23 अप्रैल विश्व साहित्य के महान रचनाकार विलियम शेक्सपियर, मिगेल डी सर्वांतेस तथा इंका गार्सिलासो दे ला वेगा की पुण्यतिथि से जुड़ा हुआ है। इन महान साहित्यकारों ने अपने लेखन से मानव समाज को नई दिशा दी। इसलिए उनकी स्मृति में इस तिथि को विश्व पुस्तक दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। तब से यह दिवस विश्वभर में उत्साहपूर्वक मनाया जाता है।पुस्तकें मनुष्य की सच्ची मित्र कहलाती हैं। वे हर समय हमारा साथ देती हैं और हमें सही मार्ग दिखाती हैं। जब मनुष्य अकेला होता है, तब पुस्तकें उसका सहारा बनती हैं। जब वह भ्रमित होता है, तब पुस्तकें उसे मार्गदर्शन देती हैं। पुस्तकें हमें अतीत के इतिहास से परिचित कराती हैं, वर्तमान की समस्याओं को समझाती हैं और भविष्य के लिए प्रेरणा देती हैं। विज्ञान, साहित्य, राजनीति, दर्शन, धर्म, कला, चिकित्सा और तकनीक जैसे हर क्षेत्र का ज्ञान पुस्तकों में सुरक्षित है। एक अच्छी पुस्तक व्यक्ति के जीवन को बदल सकती है। महापुरुषों के जीवन से जुड़े प्रसंग, प्रेरणादायक कहानियां और महान विचार पढ़कर व्यक्ति में आत्मविश्वास, साहस और सकारात्मक सोच का विकास होता है। विद्यार्थियों के लिए पुस्तकें सफलता की कुंजी हैं। पाठ्यपुस्तकों के साथ-साथ सामान्य ज्ञान, साहित्य और प्रेरक पुस्तकों का अध्ययन करने से उनकी बुद्धि का विकास होता है। पुस्तकें पढ़ने से भाषा-ज्ञान बढ़ता है, शब्द भंडार समृद्ध होता है तथा लेखन क्षमता में सुधार आता है। आज का युग तकनीक का युग है। मोबाइल फोन, इंटरनेट, सोशल मीडिया और टेलीविजन ने लोगों के जीवन को बहुत प्रभावित किया है। इससे जानकारी प्राप्त करना आसान हुआ है, परंतु इसके कारण पढ़ने की आदत कम होती जा रही है। लोग घंटों मोबाइल स्क्रीन पर समय बिताते हैं, लेकिन पुस्तक पढ़ने के लिए समय नहीं निकालते।

## जरा हटके


## गंगा एक्सप्रेसवे, जो...

डॉ. शैलेश शुक्ला

# एक्सप्रेसवे के किनारे उभरता औद्योगिक भूगोल

### उत्तर भारत के विकास मॉडल की नई परिभाषा

भारत के उत्तरी मैदानों में विकास की कहानी अब केवल शहरों तक सीमित नहीं रही, बल्कि सड़कों के साथ-साथ फैलते हुए एक नए औद्योगिक भूगोल का निर्माण कर रही है। उत्तर प्रदेश में गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे औद्योगिक क्लस्टरों के विकास और प्लॉट आवंटन की शुरुआत इस परिवर्तन का एक निर्णायक संकेत है। यह पहल केवल एक बुनियादी ढांचा परियोजना नहीं है बल्कि यह उस व्यापक रणनीति का हिस्सा है जिसमें सड़क, उद्योग, लॉजिस्टिक्स और क्षेत्रीय संतुलन को एक साथ जोड़कर आर्थिक वृद्धि को तेज़ करने की कोशिश की जा रही है। जिस तरह चीन ने अपने औद्योगिक कॉरिडोर और अमेरिका ने अपने इंटरस्टेट हाईवे सिस्टम के माध्यम से उत्पादन और व्यापार के नए केंद्र विकसित किए, उसी तरह भारत में भी एक्सप्रेसवे आधारित औद्योगिक-रण एक उभरता हुआ मॉडल बनता दिखाई दे रहा है। गंगा एक्सप्रेसवे, जो पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ से लेकर पूर्वी क्षेत्र प्रयागराज तक फैला है, केवल एक परिवहन मार्ग नहीं बल्कि एक आर्थिक धुरी के रूप में देखा जा रहा है। इस एक्सप्रेसवे के किनारे औद्योगिक क्लस्टरों की स्थापना से यह स्पष्ट संकेत मिलता है कि नीति निर्माताओं का ध्यान अब "कनेक्टिविटी" से आगे बढ़कर "कनेक्टिविटी-चालित विकास" पर केंद्रित हो चुका है। औद्योगिक क्लस्टर का अर्थ केवल फैक्ट्रियों का समूह नहीं होता, बल्कि यह एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र होता है जिसमें उत्पादन, आपूर्ति श्रृंखला, कौशल विकास, वित्तीय सेवाएं और बाजार तक पहुंच—all एकीकृत रूप में विकसित होते हैं। इस दृष्टिकोण से देखा जाए तो यह पहल भारत के पारंपरिक विकास मॉडल में एक संरचनात्मक बदलाव का संकेत देती है। इस रणनीति का सबसे उल्लेखनीय पहलू यह है कि इसका केंद्र उन क्षेत्रों को बनाया गया है जो ऐतिहासिक रूप से विकास की दौड़ में पीछे रहे हैं। बुंदेलखंड और पूर्वांचल जैसे इलाके लंबे समय से आर्थिक अवसरों की कमी, कमजोर औद्योगिक आधार और बड़े पैमाने पर श्रम पलायन जैसी समस्याओं से जूझते रहे हैं। यदि इन क्षेत्रों में औद्योगिक क्लस्टर प्रभावी रूप से विकसित होते हैं, तो यह न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त करेगा, बल्कि भारत के भीतर क्षेत्रीय असमानताओं को कम करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है।



# विश्व पृथ्वी दिवस

घटना प्रसंग एक दिन संत समागम में मैं बैठा था । वह मुझको धरती की सहनशीलता आदि के बारें में कुछ ऐसा सुनने को मिला जो मेरे दिल में गहरा बैठ गया। उन्होंने कहा कि जिसकी सोच में आत्मविश्वास व स्वाभिमान कूट-कूट कर भरा हो, जिसके इरादों में कुछ कर गुज़रने का गहरा हौसला हो, जिसके मन पर सच्चाई व सरलता आदि का पहरा हो, जिसके दिल में पर-सेवा का जुनून बहुतेरा हो , जिसके चेहरे पर अहर्निश मुस्कुराहट का डेरा हो, जिसके नियत में सच्चाई और धरती की तरह सहनशीलता का स्वाद आदि - आदि हो । ऐसा लगता है कि वह तो इन्सान नहीं इस धरती पर एक अपवाद है। सचमुच आज के दिन समागम में मुझे कुछ ऐसा सुनने को मिला मेरे को जो दिल में गहरा बैठ गया। भगवान् महावीर के पास गौतम आए तो अहंकार से थे, परंतु भगवान् को देखते ही पूरी तरह समर्पित हो गए, झुक गए। वह झुक गए तो महान् हो गए, अरहंत हो गए । और गौशालक अहंकार के कारण झुक नहीं पाया तो अन्त तक उसने कुछ भी नहीं पाया । मीरा कृष्ण के प्रति इतनी झुक गई कि कृष्ण ने उसे अपने भीतर समाहित कर लिया। वह उसी प्रकार जीवन पथ पर बढ़ने के लिए झुकना जरूरी है । परिवार को जोड़े रखना है तो झुकना अर्थात नम्रता, विनयशी-लता , सहनशीलता . समर्पणता आदि- आदि जरूरी है । वह जिस तरह पहाड़ों पर चढ़ने के लिए लकड़ी या झुककर चलने की जरूरत होती है उसी तरह जीवन में विनय ,समर्पण सद्भाव की जरूरत होती है जिससे जीवन सुखमय ,शांति पूर्वक व तनाव रहित कट जाता है। धरती की सहनशीलता तो इतनी हैं की वो पापी-पुण्यात्मा आदि - आदि सबका बोझ सहती है। वह अपनी छाती चीरकर बीज बोने की जगह देती है । हम इंसानों के अनाज भंडार भरती है । पर हमने धरती को बदले में क्या दिया रगों में बेईमानी बसा मतलब का रोग लगया । हम सारी इंसानियत भूल गए । जल में जहर घोल हैवान बन गए । थल में कूड़ा-करकट भरा जिससे हवा जहरीली हुई । वह जिसको स्वर्ग बनाना था उसे हमने श्मशान बनाया। हम भूल गए की दुनिया में एक ही जगह हैं, जहा इन्सान जन्मा है,ये धरती माता अपनी है और हम इसकी संतान हैं । वह जिसने हमको खाने को अन्न दिया, पीने को जल दिया, फल-फूल और श्वास आदि जीने को हम सबको अपना मान कर रहने को स्थान दिया । इतिहास में हम यहां वीरों की गाथाएं पढ़ते है । हमारा यहां अब तक सारा जहां हैं । वह इस जहां में सहनशील धरती का सम्मान मिले । इस धरती माता के जितने भी हम गुण गाएं वह कम हैं। पर हम तो किंचित मात्र भी इसके कृतज्ञ नहीं है इसी का तो ग़म है। यह धरती सबसे ज्यादा सहनशील है । यह धरती सबसे ज्यादा सुशील है । धरती सब कुछ सहती ही रहती है ।

› प्रदीप छाजेड़

## सड़कों पर पानी डाला जा रहा, 30 जिलों में लू चलेगी, भालू को 8 किलो की फ्रूट आइसक्रीम खिलाई

# यूपी में पारा 44.4 डिग्री सेल्सियस

**प्रयागराज में वाहनों चालकों को गर्मी से राहत देने लिए नगर निगम ग्रीन शेड लगवा रही है। इसकी शुरुआत सिविल लाइंस के महाराणा प्रताप चौराहे से की है। इसके लगने से टू व्हीलर वालों के साथ स्कूली बच्चों को भी राहत मिलेगी।**



ये तस्वीरें लखनऊ की है। यहां मंगलवार दोपहर में पारा 40 डिग्री पार कर गया। धूप की तपिश से बचने के लिए लोगों को छाता लगाना पड़ा।

**तापमान**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ/ वाराणसी/ प्रयागराज/ कानपुर। यूपी में भीषण गर्मी पड़ रही है। आज यानी बुधवार को 30 जिलों में हीट वेव (लू) का अलर्ट है। सुबह से तेज धूप निकली है। आगरा और अयोध्या में इतनी भीषण गर्मी है कि प्रशासन सड़कों पर पानी की बौछारें डलवा रहा है। वहीं गोरखपुर जू में गर्मी से बचाने के लिए भालुओं को 8-8 किलोग्राम की फ्रूट आइसक्रीम खिलाई जा रही है।

मौसम विभाग (IMD) का कहना है कि आज से 4 दिन यानी 25 अप्रैल तक गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। पारा 45C के पार पहुंच सकता है।



यह तस्वीर मेरठ की है। यहां चलती सीएनजी बस में अचानक आग लग गई।

हालांकि, 26 अप्रैल को बारिश की संभावना बन रही है। पिछले 24 घंटों की बात करें तो प्रदेश के 30 जिलों का पारा 40C के पार पहुंच गया। बांदा सबसे गर्म रहा। यहां दिन में पारा 44.2C पहुंच गया। प्रचंड गर्मी को देखते हुए मंदिरों में खास इंतजाम किए गए हैं। काशी में बाबा विश्वनाथ के लिए जलधारा लगाई गई है। भक्तों के लिए कॉरिडोर में रेड कारपेट और जर्मन हैंगर लगाए गए हैं। ब्रज क्षेत्र में बांके बिहारी मंदिर, द्वारिकाधीश मंदिर और नंदबाबा समेत प्रमुख मंदिरों में फूल बंगले सजाए जा रहे हैं। भगवान को ठंडक देने के लिए खरबूजा, सत्तू जैसे भोग अर्पित किए जा रहे हैं। प्रियकांत जू मंदिर में भगवान के लिए नौका विहार की व्यवस्था की गई है। अयोध्या में रामलला के लिए गर्भगृह में तीन कूलर लगाए गए हैं।

### काशी विश्वनाथ जा रहे श्रद्धालुओं को बांटी छाछ

वाराणसी में बुधवार दोपहर को तापमान 44 डिग्री के करीब पहुंच गया। इस दौरान काशी विश्वनाथ धाम आने वाले श्रद्धालुओं को छाछ बांटी गई। सपा के प्रदेश उपाध्यक्ष आशीष सेठ ने कहा- सरकार से अनुरोध करूंगा अधिक से अधिक पेड़ लगाए जिससे धूप से राहत मिल सके। ठंडे पानी का टैंकर जगह-जगह नगर निगम द्वारा लगाना चाहिए।

### काशी में मंदिर में लगाया कूलर, भगवान को सूती कपड़े पहनाए गए

वाराणसी के लोहटिया इलाके में स्थित राम जानकी मंदिर में कूलर लगवाए गए हैं। गर्मी से बचाव के लिए भगवान को सूती कपड़े पहनाए गए हैं। प्रसाद में मौसमी फल भी चढ़ाए जा रहे हैं।

### अयोध्या में रामलला के गर्भगृह में 3 कूलर लगाए गए

भीषण गर्मी के बीच राम मंदिर अयोध्या में रामलला को शीतल रखने के लिए मंदिर प्रशासन ने विशेष इंतजाम किए हैं। गर्भगृह में तीन कूलर लगाए गए हैं, जिनके जरिए अंदर का तापमान संतुलित रखा जा रहा है। आधुनिक तकनीक से कूलरों को इस तरह स्थापित किया गया है कि विग्रह के आसपास गर्मी का असर न्यूनतम रहे। बढ़ते तापमान को देखते हुए यह व्यवस्था की गई है, ताकि रामलला को निरंतर ठंडा और अनुकूल वातावरण मिल सके। मंदिर प्रशासन का कहना है कि श्रद्धालुओं की आस्था के इस केंद्र की देखभाल में किसी प्रकार की कमी नहीं रखी जाएगी।

### गर्मी में भालू खा रहा 8 किलोग्राम की फ्रूट आइसक्रीम

भीषण गर्मी के बीच गोरखपुर जू वन्यजीवों को भी राहत देने के इंतजाम किए गए हैं। यहां भालुओं को ठंडक देने के लिए खीरा, तरबूज और केला मिलाकर करीब 8 किलोग्राम की आइसक्रीम तैयार की गई है। जो उन्हें खूब पसंद आ रही है। इसके करीब 4 किलोग्राम फ्रूट और वेजिटेबल होते हैं। इसके अलावा पानी होता है। गोरखपुर जू के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगेश प्रताप सिंह योगेश कुमार ने बताया- इस आइसक्रीम गर्मी से राहत भी मिलती है और पोषण भी मिल जाता है। अयोध्या में भीषण गर्मी पड़ रही है। लोगों को राहत देने के लिए नगर निगम सड़कों पर पानी का छिड़काव कर रहा है। भीषण गर्मी के बीच देवकी नंदन ठाकुर के वृंदावन स्थित प्रियकांत जू मंदिर में भगवान को शीतलता प्रदान करने के लिए विशेष नौका विहार की व्यवस्था की गई है। मंदिर परिसर में सजे कृत्रिम सरोवर में भगवान को नौका विहार कराया जा रहा है, जिससे गर्मी से राहत दी जा सके।

**फास्ट न्यूज**

### एंटी रैबीज इंजेक्शन लगवा रहे भैंस का दूध पीने वाले

गोरखपुर। जिले के उरुवा क्षेत्र में भैंस का दूध पीने वाले लगभग 30 लोग एंटी रैबीज का इंजेक्शन लगवा चुके हैं। दरअसल जिस भैंस का दूध ये लोग पी रहे थे, उसे कुछ दिन पहले कुत्ते ने काट लिया था, जिससे बाद में उसकी मौत हो गई थी। भैंस की मौत के बाद लोगों में हड़कंप मच गया और वे उरुवा सीएचसी पहुंचने लगे। एहतियातन सभी लोगों ने इंजेक्शन लगवा लिया है।

### सपा नेताओं-ग्रामीणों में पत्थरबाजी, पूर्व मंत्री का सिर फूटा

गाजीपुर। गाजीपुर में सपा प्रतिनिधिमंडल और गांववालों के बीच बुधवार को जमकर पत्थर चले। सपा का प्रतिनिधिमंडल एक पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचा था, लेकिन गांववालों ने उन्हें गांव के बाहर रोक दिया। इस दौरान झगड़े के बाद पत्थरबाजी हुई। इसमें पूर्व मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा के सिर पर गंभीर चोट लगी। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

दरअसल, 15 अप्रैल को 16 साल की लड़की निशा विश्वकर्मा का शव जमानिया पुल के पास नदी में मिला था। पुलिस जांच में यह मामला हत्या का निकला।

### गोरखपुर चिड़ियाघर में भालू ने खाया आइसक्रीम

गोरखपुर। गोरखपुर में गर्मी का प्रकोप जारी है। पिछले कुछ दिनों से तापमान अपने चरम पर है। 30 से 35 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही धूल भरी लू भी चल रही है। जिससे लोगों का हाल बेहाल है। वहीं इस चिलचिलाती गर्मी में जानवरों का भी खास खयाल रखा जा रहा है। गर्मी से बचने के लिए चिड़ियाघर में भालू स्पेशल फ्रूट आइसक्रीम एंजॉय करते हुए नजर आया।

## पृथ्वी दिवस पर राजकीय इंटर कॉलेज दघेंटा में हुआ आयोजन

तमसा संकेत, संवाददाता



बलदेव (मथुरा)। राजकीय इंटर कॉलेज दघेंटा में पृथ्वी दिवस के अवसर पर भव्य एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. अखिलेश यादव द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में छात्राओं ने पृथ्वी संरक्षण विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इसमें डोली रावत एवं पार्थिव शुक्ला के भाषण विशेष रूप से सराहनीय रहे। विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने हेतु पोस्टर एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें पर्यावरण संरक्षण से जुड़े प्रभावशाली संदेश प्रस्तुत किए गए।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत मां सरस्वती वंदना से हुई, जिसमें डोली, कविता एवं कुमकुम ने सुंदर प्रस्तुति दी। इसके पश्चात छात्राओं ने स्वागत गान "सांसों की सरगम" पर प्रस्तुति देकर वातावरण को भाव-विभोर कर दिया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पृथ्वी दिवस पर आधारित नाटिका रही, जिसे छवि शर्मा, मोनिका, मोहिनी, नव्या, सुधा और रश्मि ने शानदार एवं प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत कर सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नाटिका के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संदेश दिया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य डॉ. अखिलेश यादव ने विद्यार्थियों को पृथ्वी की सुरक्षा एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश देते हुए जल संरक्षण पर भी विशेष जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा निशा ने किया और सभी विद्यार्थियों को पृथ्वी संरक्षण की शपथ दिलाई।

## हज यात्रियों के लिए सरकार ने सभी तरह की व्यवस्थाएं मुकम्मल की - दानिश आजाद अंसारी

# इस हज यात्रा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का पहली बार प्रयोग

**मंत्री अंसारी ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी ने बताया है कि जब आप हज पर जाएं, हज पूरा होने के बाद, हज के दौरान जब आप दुआओं के लिए हाथ उठाएं, तो उस दुआ में अपने प्रदेश और अपने मुल्क की तरक्की की दुआएं जरूर मांगे। ऐसी गुजारिश माननीय मुख्यमंत्री जी ने तमाम हाजियों से की है।**



तमसा संकेत, संवाददाता




लखनऊ। अल्पसंख्यक कल्याण, वक्फ, हज राज्यमंत्री श्री दानिश आजाद अंसारी ने हज-2026 में यात्रा पर जा रहे हज यात्रियों को स्वागत एवं अभिनन्दन कर उन्हें हरी झंडी दिखाकर हज के लिए रवाना किया। हज-2026 की पहली उड़ान से कुल 427 हज यात्री रवाना हुए, जिनमें 222 पुरूष एवं 205 महिलाएं शामिल हैं। इस मौके पर उपस्थित सभी लोगों का उन्होंने स्वागत एवं अभिनन्दन किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जिनकी शान में आज यह महफ़िल सजी है हज की आज पहली उड़ान की शुरूआत लखनऊ से हुई है और मैं उत्तर प्रदेश सरकार एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी की तरफ से एवं माननीय कैबिनेट मंत्री श्री ओम प्रकाश राजभर जी की तरफ से सभी हज-2026 पर जाने हजरतों को उनकी मंगल यात्रा की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ।

हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी, केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू जी एवं हमने खुद हज की जो पूरी ये प्रक्रिया है, हज का जो पूरा सफर है, ये पूरे सुकून और इत्मीनान से आपको मिले, इसके लिए हमने पूरी ईमानदारी से काम किया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा मुझे सऊदी भी भेजा गया था। मैं मक्का और मदीना खुद गया था और मैंने वहां जा के ग्राउंड ज़ीरो के इंस्पेक्शन भी किये हैं। हमारी डबल इंजन की सरकार ने पूरी ईमानदारी एवं लगन से प्रयास किया है कि किसी हज यात्री को हज के दौरान कहीं कोई दिक्कत ना हो इसकी पूरी तैयारी की है। अच्छे होटल्स हमने सेलेक्ट किए हैं, रहने की अच्छी व्यवस्थाएं हमने बनाई हैं।

### किट में एक स्मार्ट वॉच आपको मिला होगा

राज्यमंत्री अल्पसंख्यक कल्याण व अध्यक्ष उ0प्र0 राज्य हज समिति श्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि जो आपको किट दी गई है उस किट में एक स्मार्ट वॉच आपको मिला होगा। ये पहला हज है जिसमें भारत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इसमें इस्तेमाल पहली बार कर रहा है। एआई का इस्तेमाल हाजियों के खिदमत के लिए इस बार भारत सरकार कर रही है। ये स्मार्ट वॉच आपके बहुत काम की है। स्मार्ट वॉच के माध्यम से एक तो आपको अज़ान के समय की भी पूरी जानकारी मिलेगी। इसके साथ-साथ जी.पी.एस. ट्रैकर के माध्यम से कही गुम हो जाते है तो हाजी को ढूँढने व ट्रैक करने में आसानी होगी। इस स्मार्ट वॉच के ऊपर एक इमरजेंसी बटन बनी हुई है, यदि हाजी को कोई इमरजेंसी है तो जब आप इस इमरजेंसी बटन को दबाएंगे तो आपको तीन से पांच मिनट के अंदर इमरजेंसी से संबंधित चीजें मुहैया करायी जायेंगी।

# डीएम ने लोधेश्वर धाम में पूजा-अर्चना कर कॉरिडोर कार्यों का लिया जायजा

### श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रख गुणवत्ता व समयबद्धता से कार्य पूर्ण कराने के दिए निर्देश

तमसा संकेत, संवाददाता



बाराबंकी। जनपद के नवागत जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने कार्यभार ग्रहण करने के दूसरे दिन बुधवार की शुरुआत तहसील रामनगर स्थित पौराणिक लोधेश्वर महादेव धाम में पूजा-अर्चना एवं दर्शन-पूजन के साथ की। उन्होंने भगवान लोधेश्वर महादेव से जनपद की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं विकास की कामना की।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने लोधेश्वर कॉरिडोर से संबंधित निर्माणाधीन कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य गुणवत्ता एवं निर्धारित समयसीमा के अनुरूप पूर्ण कराए जाएं, जिससे श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मंदिर परिसर में पंडित आदित्य तिवारी से लोधेश्वर धाम के धार्मिक महत्व तथा कॉरिडोर निर्माण से संबंधित बिंदुओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा, सुगमता एवं धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के दृष्टिगत विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि लोधेश्वर धाम जनपद की आस्था का प्रमुख केंद्र है तथा यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। इस दौरान उपजिलाधिकारी रामनगर आनंद तिवारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### आगरा में क्रेन ने महिला को कुचला, मौत

आगरा । राजा की मंडी क्रॉसिंग पर बुधवार को दिल दहला देने वाला हादसा हो गया। क्रेन और ई-रिक्शा के बीच एक्टिवा फंसने से महिला और उसकी बेटी सड़क पर गिर पड़ीं। इसी दौरान क्रेन का पहिया महिला के सिर के ऊपर से गुजर गया। मौके पर ही महिला की मौत हो गई। अपनी आंखों के सामने मां का शव देख बेटी बेहोश हो गई। जानकारी के मुताबिक, महिला अपनी बेटी के साथ एक्टिवा से आगरा कॉलेज की तरफ जा रही थी। राजा की मंडी क्रॉसिंग पर भारी ट्रैफिक के बीच अचानक एक्टिवा क्रेन और ई-रिक्शा के बीच फंस गई। संतुलन बिगड़ते ही मां-बेटी सड़क पर गिर पड़ीं। पीछे से आ रही क्रेन का पहिया महिला के सिर को कुचलता हुआ निकल गया।

हादसा होते ही क्रॉसिंग पर चीख-पुकार मच गई। खून से लथपथ मां का शव देखकर बेटी वहीं बेहोश हो गई। राहगीरों की भीड़ जमा हो गई और जाम लग गया। लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

# आग ने कई परिवारों की मेहनत और जमा पूंजी को पल भर में किया राख





तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। बुधवार को फतेहपुर तहसील क्षेत्र के हिदायतपुर गांव में अचानक लगी आग ने कई परिवारों की मेहनत और जमा पूंजी को पल भर में राख कर दिया। अज्ञात कारणों से राम सजीवन के छप्परनुमा घर में आग लग गई, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। तेज लपटें उठती देख गांव में अफरा-तफरी मच गई और ग्रामीण बाल्टियों व अन्य उपलब्ध संसाधनों के सहारे आग बुझाने में जुट गए, लेकिन आग इतनी भयंकर थी कि प्रयास नाकाफी साबित हुए। स्थिति गंभीर होते देख फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई, लेकिन जब तक दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची, तब तक राम सजीवन का पूरा घर जलकर खाक हो चुका था। इस अग्निकांड में उनका लगभग 50 हजार रुपये नकद, जो उन्होंने रिश्तेदारी निभाने के लिए ब्याज पर उधार लिया था, समेत कपड़े, अनाज और महत्वपूर्ण कागजात जलकर नष्ट हो गए। आग की लपटें तेज हवा के कारण पड़ोस तक फैल गईं और जगदीश प्रसाद का घर भी इसकी चपेट में आ गया। उनके यहां बेटी की शादी के लिए रखा गया सामान—पांच बोरी चावल, तीन बोरी गेहूं, चार बोरी सरसों, दस बोरी धान, एक ठेला तथा जरूरी कागजात—सब कुछ जलकर राख हो गया। इसके अलावा पड़ोसी रामू का छप्पर, अनाज, चावल, जेवरात, कपड़े और अन्य घरेलू सामान भी आग में स्वाहा हो गया। घटना की सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार तहजीब हैदर मौके पर पहुंचे और नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने लेखपाल को शीघ्र रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए।

## एससीआर कार्यों में तेजी एवं शहर की पार्किंग व्यवस्था सुधारने का दिया आश्वासन

# नवागत जिलाधिकारी ने पत्रकारों से किया संवाद

**नगर क्षेत्र में बढ़ती यातायात समस्या के समाधान के लिए जिलाधिकारी ने सुव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था विकसित किए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि शहर में जाम की समस्या कम करने तथा यातायात प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे।**

तमसा संकेत, संवाददाता



बाराबंकी। जनपद के नवागत जिलाधिकारी ने बुधवार को पत्रकारों से संवाद कर जनपद की प्राथमिकताओं, विकास कार्यों तथा जनसमस्याओं के समाधान को लेकर अपनी कार्ययोजना साझा की। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शी, संवेदनशील एवं जनोन्मुख प्रशासन देना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा तथा इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निस्तारण में उदासीनता अथवा ढिलाई पाए जाने पर संबंधित कर्मियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रकरण में संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करें, जिससे आमजन को समय पर न्याय मिल सके। तहसील रामनगर स्थित लोधेश्वर धाम में निर्माणाधीन कॉरिडोर एवं एससीआर से संबंधित कार्यों के संबंध में जिलाधिकारी ने कहा कि इन परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए, जिससे धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिले और जनपद के विकास को गति मिल सके। जिलाधिकारी ने पत्रकारों से नियमित संवाद बनाए रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रत्येक एक-दो माह में संवाद स्थापित कर जनपद की समस्याओं, विकास कार्यों एवं समाधान की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन और मीडिया के बीच सकारात्मक समन्वय जनहित में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### आगरा में युवती बोली- मेरे साथ गैंगरेप हुआ

आगरा। आगरा में एक युवती के गैंगरेप के आरोप ने पुलिस की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। युवती का आरोप है कि पहले गेस्ट हाउस में12 दिन तक बंधकर बनाकर एक युवक ने रेप किया। वहां से किसी तरह से भागी तो ऑटो सवार दो युवकों ने उसके साथ गैंगरेप किया। इसके बाद उसे सड़क पर अर्द्धनग्न हालत में फेंक कर भाग गए। इधर, पुलिस पूरे मामले को संदिग्ध मान रही है। पुलिस का कहना है-युवती जिस युवक पर रेप का आरोप लगा रही है, उसे कभी अपना पति तो कभी उसे बॉयफ्रेंड बता रही है। वह बार-बार अपना बयान पलट रही है। वह पहले भी अपने पति की शिकायत कर चुकी है। इधर, पुलिस युवती के आरोप के बाद छानबीन में जुट गई है।

युवती का कहना है कि वह हरिद्वार की रहने वाली है। 12 दिन पहले वह दयालबाग निवासी फेसबुक फ्रेंड से मिलने के लिए आगरा पहुंची थी। युवक से उसकी मुलाकात हुई।

**कार्यालय-नगर पंचायत जहाँगीरगंज- अम्बेडकरनगर**

पत्र स०. 29 न०पं०जहाँ / ई–निविदा सू० / 2026–27 दिनांक– 20 / 04 / 2026

**ई-निविदा सूचना**

नगर पंचायत जहाँगीरगंज, जनपद अम्बेडकरनगर में अधोहस्ताक्षरी के द्वारा मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना की संस्तुतियों के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से जिलाधिकारी महोदय की स्वीकृति के उपरान्त निर्माण कार्य हेतु पंजीकृत / इच्छुक एवं अनुभवी ठेकेदारों से आनलाईन ई–निविदा 21.04.2026 को अपरान्ह–05:00 बजे से दिनांक 16.05.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे तक ऑनलाइन बेबसाइट http//etender.up.nic.in पर अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदायें दिनांक 18.05.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे खोली जायेगी। जिसे सम्बन्धित बेबसाइट http//etender.up.nic.in पर देखा जा सकता है।

| क०सं० | वेबसाइट पर ई–निविदा प्रकाशन | तिथि | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | ई–निविदा डाउनलोड करने की प्रारम्भ तिथि / समय | 21.04.2026 | 05.00 पी०एम० |
| 2 | ई–निविदा अपलोड करने की प्रारम्भ तिथि / समय | 21.04.2026 | 05.00 पी०एम० |
| 3 | ई–निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि / समय | 16.05.2026 | 12.00 पी०एम० |
| 4 | ई–निविदा खोले जाने की तिथि / समय | 18.05.2026 | 02.00 पी०एम० |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत जहाँगीरगंज,
अम्बेडकरनगर।

अध्यक्ष,
नगर पंचायत जहाँगीरगंज,
अम्बेडकरनगर।

# उत्तर प्रदेश में स्मार्ट मीटर के नाम पर भ्रष्टाचार के मीटर लगाए जा रहे हैं: वंशराज दुबे

# ‘जबरन प्रीपेड मीटर लगाकर जनता की जेब काट रही योगी सरकार’

**स्मार्ट मीटर की सच्चाई पर आप प्रवक्ता वंशराज दुबे का बड़ा खुलासा, यूपी में ‘डिजिटल लूट’ का लगाया आरोप**

- रिचार्ज के बाद भी 12 घंटे तक बिजली गायब, यही है बीजेपी का डिजिटल इंडिया: वंशराज दुबे
- जनता सवाल पूछे तो मंत्री समाधान की जगह लगाते हैं नारे : वंशराज दुबे

**आरोप**

तमसा संकेत, संवाददाता




लखनऊ । उत्तर प्रदेश में स्मार्ट मीटर के नाम पर बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार और जनता के साथ धोखे का मामला सामने आया है। आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता वंशराज दुबे ने बुधवार को लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि स्मार्ट मीटर योजना, जिसे प्रदेश में डिजिटल क्रांति के रूप में पेश किया गया था, आज “डिजिटल लूट” का सबसे बड़ा माध्यम बन चुकी है। उन्होंने कहा कि रिचार्ज खत्म होते ही बिजली काट दी जाती है और रिचार्ज करने के बाद भी 2 से 12 घंटे तक बिजली बहाल नहीं होती, जो सरकार की नीयत और व्यवस्था दोनों पर सवाल खड़े करता है। प्रेस वार्ता में वंशराज दुबे ने कहा कि भाजपा ने 2019-20 में यह सपना दिखाया था कि स्मार्ट मीटर लगाकर उत्तर प्रदेश को तकनीकी रूप से उन्नत बनाया जाएगा, लेकिन हकीकत यह है कि यह योजना पूरी तरह फेल हो चुकी है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर अब इतने “स्मार्ट” हो गए हैं कि पैसा खत्म होते ही तुरंत बिजली काट देते हैं, लेकिन रिचार्ज के बाद बिजली देने में घंटों लगा देते हैं। उन्होंने कहा कि पावर कॉरपोरेशन की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश के लगभग 2 लाख उपभोक्ताओं को समय से बिजली नहीं मिल रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब तक 78 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं, जिनमें लगभग 70 लाख प्रीपेड मीटर हैं। 13 मार्च से 10 अप्रैल के बीच करीब 50 लाख उपभोक्ताओं के कनेक्शन बैलेंस खत्म होने के कारण काट दिए गए।

> 20,000 करोड़ के प्रोजेक्ट में भारी कमीशनखोरी का शक: वंशराज दुबे

### बिजली के तार खेतों के ऊपर लटक रहे

ग्रामीण क्षेत्रों की बदहाली पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि मैं स्वयं इसका प्रत्यक्षदर्शी हूं कि सुल्तानपुर के जयसिंहपुर क्षेत्र समेत कई इलाकों में बिजली के तार खेतों के ऊपर लटक रहे हैं, जिससे फसलों में आग लगने तक की घटनाएं हो रही हैं। गलत बिलिंग और बिजली कटौती से आम जनता और किसान दोनों परेशान हैं। वंशराज दुबे ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने इस मुद्दे को लेकर प्रदेशभर में प्रदर्शन किए, जिसके बाद सरकार पर दबाव बना और स्मार्ट मीटर की अनिवार्यता खत्म करने की बात सामने आई। लेकिन जमीनी हकीकत अब भी इसके उलट है।

### अधिकारियों द्वारा जबरन घरों में मीटर लगाए जा रहे

मुख्य प्रदेश प्रवक्ता ने सरकार की नीतिगत विफलता पर सवाल उठाते हुए कहा कि एक तरफ सरकार कहती है कि स्मार्ट मीटर लगवाना वैकल्पिक होगा, लेकिन दूसरी तरफ अधिकारियों द्वारा जबरन घरों में मीटर लगाए जा रहे हैं और बाद में उन्हें प्रीपेड में बदल दिया जाता है। उन्होंने कहा कि यह जनता के साथ सीधा छलावा है और यह दर्शाता है कि इस पूरे प्रोजेक्ट के पीछे बड़ा घोटाला और कमीशनखोरी छिपी हुई है। वंशराज दुबे ने आरोप लगाया कि लगभग 3 करोड़ स्मार्ट मीटर लगाने के इस प्रोजेक्ट में करीब 20,000 करोड़ का खर्च दिखाया गया है। उन्होंने कहा कि पहले सिंगल फेज मीटर के लिए 6016 और थ्री फेज के लिए 12000 तक वसूले गए, जो विरोध के बाद घटाकर क्रमशः 2800 और 4010 किए गए। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर कीमत इतनी कम हो सकती थी, तो पहले इतनी ज्यादा वसूली क्यों की गई? यह साफ तौर पर बड़े स्तर की गड़बड़ी और कमीशनखोरी की ओर इशारा करता है।

# लखनऊ में 24 अप्रैल को आयोजित होगी 'जोनल कान्फ्रेन्स 2026'



- केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री की अध्यक्षता में जुटेंगे कई राज्यों के कृषि मंत्री
- उत्तर प्रदेश समेत उत्तर भारत के राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधि होंगे शामिल

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी स्थित 'द सेंट्रम होटल' में आगामी 24 अप्रैल, 2026 को 'जोनल कान्फ्रेन्स-2026' का आयोजन किया जाना है। इस सम्मेलन की अध्यक्षता भारत सरकार के माननीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कृषि क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा करना और क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देना है। इस जोनल कान्फ्रेन्स में उत्तर प्रदेश के साथ-साथ उत्तराखण्ड, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, दिल्ली और जम्मू-कश्मीर के माननीय कृषि मंत्रीगण प्रतिभाग करेंगे। इसके अतिरिक्त केन्द्र शासित प्रदेश चण्डीगढ़ एवं लद्दाख के प्रशासक तथा भारत सरकार के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी भी इस सम्मेलन का हिस्सा बनेंगे। यह कार्यक्रम 24 अप्रैल को सुबह 9:30 बजे से प्रारम्भ होकर सायं 7:30 बजे तक प्रस्तावित है। पूरे दिन चलने वाले इस आयोजन में विभिन्न सत्रों के माध्यम से कृषि विकास और किसानों के कल्याण से जुड़ी योजनाओं और चुनौतियों पर विस्तार से संवाद किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान प्रेस कान्फ्रेन्स और मीडिया ब्रीफिंग के माध्यम से महत्वपूर्ण निर्णयों की जानकारी भी साझा की जाएगी।

**फास्ट न्यूज**

### बर्फ काटने वाला सूजा घोंपकर युवक की हत्या

कानपुर। कानपुर में गन्ने के रस की दुकान लगाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। इसी दौरान एक युवक ने बर्फ काटने वाले सूजे से दूसरे युवक पर हमला कर दिया। सिर और शरीर पर कई वार होने से वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। घटना के बाद आरोपी मौके से भाग गया। घायल को परिजन पास के निजी अस्पताल ले गए, जहां से उसे हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### पुलिस को रुपए गिनने में 2 घंटे लगे

कानपुर। कानपुर में मोबाइल एप के जरिए IPL मैच में सट्टा लगवाने वाले 5 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से 3.91 करोड़ रुपए बरामद किए हैं। सटोरियों ने नोट गिनने के लिए दिल्ली से 35–35 हजार की 3 मशीनें और एक करेंसी चेकिंग मशीन मंगवाई थी। पुलिस ने उसे भी बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों के पास से 500 की 146, 200 की 21 और 100 की 11 गड्डियां बरामद हुईं। रुपए गिनने में करीब 2 घंटे का समय का लगा। पकड़े गए 5 आरोपियों में से 2 दो आरोपी कार्तिक लखवानी और राजकुमार इललीगल बैटिंग एप के मैचों में रकम लगवाते थे।

### गैस-सिलेंडर आपूर्ति न करने वाली एजेंसियों पर 11.68 लाख जुर्माना

कानपुर। कानपुर में ग्राहकों को परेशान करने वाली गैस एजेंसियों पर जिला प्रशासन सख्त हो गया है। बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में गैस सिलेंडरों की आपूर्ति को लेकर हुई समीक्षा बैठक में डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह का सख्त रुख रहा। डीएम के निर्देश पर दो गैस एजेंसियों पर 11.18 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया।

## एमआईईटी में कैंपस फ्रांस प्रतिनिधि का दौरा, अंतरराष्ट्रीय शिक्षा पर जोर

तमसा संकेत, संवाददाता



मेरठ। मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एमआईईटी) में कैंपस फ्रांस की प्रतिनिधि मुस्कान जैन का दौरा हुआ। कैंपस फ्रांस, फ्रांसीसी दूतावास की आधिकारिक संस्था है, जो फ्रांस में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देती है। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को वैश्विक शिक्षा अवसरों से अवगत कराना और शैक्षणिक सहयोग को मजबूत करना रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत छात्र संवाद सत्र से हुई, जिसमें फ्रांस में उच्च शिक्षा, पाठ्यक्रम, छात्रवृत्ति, आवेदन प्रक्रिया और वीजा संबंधी जानकारी दी गई। छात्रों को बताया गया कि फ्रांस किफायती एवं उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा के साथ बेहतर करियर संभावनाएं प्रदान करता है।

दूसरे सत्र में मेरठ व आसपास के स्कूलों के प्राचार्य और काउंसलर शामिल हुए। इसमें छात्रों को विदेश में अध्ययन के लिए सही मार्गदर्शन देने और संस्थागत सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया गया।

कैंपस फ्रांस भारतीय छात्रों को विश्वविद्यालय चयन, प्रवेश, छात्रवृत्ति, वीजा और प्री-डिपार्चर सहायता उपलब्ध कराता है तथा भारत-फ्रांस शैक्षणिक साझेदारी को बढ़ावा देता है।

इस अवसर पर डॉ. विवेक यादव, डॉ. उपेंद्र कुमार भारद्वाज, डॉ. अरुण त्यागी, राकेश कुमार व सचिन कुमार गुप्ता सहित कई शिक्षाविद उपस्थित रहे। एमआईईटी चेयरमैन विष्णु शरण, पुनीत अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, डॉ. संजय कुमार सिंह, रमेश सिंह, डॉ. निकेश कुमार व तनुश्री जैन भी मौजूद रहे।

**मां बार-बार हो रही बेहोश, पिता बोले- बाइक को धक्के लगाकर मुझे भेजती थी, अब क्या करूंगा**

# नन्ही बेटी टब में डूबी, मौत

तमसा संकेत, एजेंसी



तान्या, मृतक

मोहनलालगंज। ‘मैं कहीं भी जाता था, मेरी बच्ची मुझे छोड़ने दरवाजे तक आती थी। छोटे-छोटे हाथों से बाइक को धक्का देती थी। जब लौटता था तो सड़क तक आकर मुझे लेने भी आती थी। मैं कभी भी बाहर से उसके लिए कुछ लाए बिना नहीं आया...लेकिन अब मुझे लेने कौन आएगा...। अब समझ नहीं आ रहा है कि क्या करूंगा।’

ये कहते-कहते सोनू का गला भर आता है। आंखें डबडबा जाती हैं। सोनू लखनऊ के नगराम में गढ़ा गांव में परिवार के साथ रहते हैं। उनकी दो बेटियां हैं। छोटी बेटी तान्या (1 साल 9 महीने) की 19 अप्रैल को घर में टब में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई थी। उसके बाद से वह गुमसुम हैं।

महिलाएं उन पर पानी छिड़कती हैं, तब होश में आती हैं। फिर बेटी को पुकारती हैं और फिर बेसुध हो जाती हैं। नींद में भी तान्या..तान्या बोलती रहती हैं। दादी घर आने वाले लोगों के सामने हाथ फैला-फैलाकर अपनी पोती मांग रही थीं। बस वह यही कहे जा रही थीं कि कोई मुझे मेरी पोती लौटा दो। सोनू ने बताया कि तीन साल की बड़ी बेटी आन्या पूरे दिन घर में अपनी छोटी बहन तान्या को तलाशती रही। वह बार-बार मां और घरवालों से पूछती रही तान्या कहां है। मासूम के सवालों के आगे बेबस परिजनों ने उसे समझाया कि तान्या नानी के घर गई है। नगराम थाना क्षेत्र के गढ़ा गांव में रविवार (19 अप्रैल) को बाथरूम में पानी से भरे टब में डूबने से 2 साल की बच्ची की मौत हो गई। परिजनों ने घटना की पुलिस को जानकारी नहीं दी।

### 'समझ नहीं आया टब तक कैसे पहुंची'

तान्या के पिता सोनू उस दिन को याद करते हुए बताते हैं- हादसे के वक्त घर में सभी लोग मौजूद थे। पिता जी को मोहनलालगंज जाना था। उन्होंने चाय बनाने के लिए कहा। पत्नी ने नहाने के लिए टब में पानी भरकर रखा था, लेकिन चाय बनाने में बिजी हो गई। मैं घर के बाहर था। पिताजी टीवी वाले कमरे में थे। लगभग 10 मिनट बाद जब चाय तैयार हुई, तो सोनू ने अपने दोनों बच्चों को चाय लेने के लिए बुलाया, जो पड़ोस के घर में खेल रहे थे। बच्चे चाय लेने अंदर आए। सोनू ने बताया- उन्हें यह समझ नहीं आया कि तान्या कब और कैसे बाथरूम तक पहुंची और पानी से भरे टब में गिर गई। जब मां और पत्नी तान्या को बाहर लेकर आईं, तब उन्हें पता चला कि बच्ची की मौत हो चुकी थी।



यह तान्या के पिता हैं। तान्या इनकी बाइक को धक्का लगाती थी। यह उसी बात को याद कर रोते हैं।

### मातम में डूबा घर, नहीं जला चूल्हा

हादसे के बाद से तान्या के घर में चूल्हा नहीं जला है। परिजन इतने सदमे में हैं कि किसी का खाना बनाने या खाने का मन नहीं हुआ। पड़ोसी और रिश्तेदार ही परिवार के लिए खाना लेकर आ रहे हैं, लेकिन घर के लोग मुश्किल से कुछ निवाले ही खा पा रहे हैं। मां ललिता का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, दादी कुसुमावती बार-बार बेसुध हो जा रही हैं। घर में हर तरफ सन्नाटा पसरा है, जहां कभी तान्या की आवाज गूंजती थी, वहां अब सिर्फ सिसकियां हैं।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर उतरा राफेल

**जगुआर-मिराज ने भी टेकऑफ और लैंडिंग की, 4 साल पहले मोदी का प्लेन लैंड हुआ था**

तमसा संकेत, एजेंसी



सुल्तानपुर । यूपी के सुल्तानपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर आज दोपहर 2 बजे लड़ाकू विमानों का एयर शो शुरू हुआ। करीब 3 घंटे चले एयर शो में सबसे पहले वायु सेना के C295 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट ने एक्सप्रेस-वे पर बने रनवे पर लैंडिंग की।

इसके बाद जगुआर ने उड़ान भरी। राफेल, सुखोई और मिराज फाइटर जेट्स ने भी टेकऑफ और लैंडिंग की। सेना के M17 हेलीकॉप्टर से कमांडोज ने सैन्य ऑपरेशन की मॉक ड्रिल की। M32 भीष्म एयर क्राफ्ट ने भी एयर स्ट्रिप पर 'टच एंड गो' का अभ्यास किया।

आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए एक्सप्रेस-वे पर 3.2 किमी लंबी इमरजेंसी एयरस्ट्रिप बनाई गई है। इस एयर शो को देखने के लिए लोगों की भीड़ जुटी है। 6 घंटे चलने वाले एयर शो के लिए 5 किलोमीटर का एरिया सील कर दिया गया है। अब देर शाम से फिर से युद्धाभ्यास किया जाएगा। हालांकि, इसमें पब्लिक को एंट्री नहीं मिलेगी। इससे पहले जून 2023 में 4 घंटे यह अभ्यास चला था। 16 नवंबर 2021 को PM मोदी ने सुल्तानपुर से ही पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का इनॉगरेशन किया था।

> एयर शो देखने पहुंचीं स्नेहा ने कहा- बहुत अच्छा लग रहा है। भारतीय एयरफोर्स पर गर्व महसूस हो रहा है। शिवानी ने कहा- बहुत गुड फिलिंग आ रही है। मुझे अपने देश और सेना पर प्राउड फील हो रहा है।

### नौ लड़ाकू विमानों ने एयर स्ट्रिप पर एक घंटे किया अभ्यास

मंगलवार दोपहर को वायुसेना के नौ लड़ाकू विमानों ने एयर स्ट्रिप पर पहुंचकर लगभग एक घंटे तक अभ्यास किया। इस दौरान विमानों की गर्जना सुनकर लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने भी इस अभ्यास को देखा। प्रशासन का कहना है कि 22 अप्रैल को होने वाला यह कार्यक्रम न केवल सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि इससे क्षेत्र की पहचान भी राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत होगी। एयर स्ट्रिप पर होने वाला यह अभ्यास भारतीय वायु सेना की क्षमता और तैयारियों का प्रदर्शन करेगा। बता दें कि इससे पहले जून 2023 में यह अभ्यास 4 घंटे तक चला था। यहां वायुसेना के लड़ाकू विमान सुखोई और मिराज ने 3.2 किमी की एयर स्ट्रिप पर टच एंड गो का अभ्यास किया था। इस अभ्यास के लिए पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का 12 किलोमीटर का एरिया सील किया गया था।

# विश्व पृथ्वी दिवस पर वेंक्टेश्वरा में राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन

तमसा संकेत, संवाददाता



मेरठ। विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान में “फसलों में अंधाधुंध केमिकल फर्टिलाइज़र व कीटनाशकों के इस्तेमाल का मानव स्वास्थ्य पर प्रभाव” विषय पर राष्ट्रीय सेमीनार, वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम, जागरूकता रैली एवं डिबेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण को वैश्विक आवश्यकता के साथ-साथ प्रत्येक नागरिक का मौलिक कर्तव्य बताया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी एवं कुलपति प्रो. कृष्णकांत दवे ने सरस्वती मां की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर डॉ. सुधीर गिरि ने कहा कि प्रकृति के अंधाधुंध दोहन के कारण ग्लोबल वार्मिंग का खतरा तेजी से बढ़ रहा है और यदि समय रहते इस पर नियंत्रण नहीं किया गया तो इसके विनाशकारी परिणाम सामने आ सकते हैं। उन्होंने सभी को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) अरविंद कुमार मिश्रा ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण अप्रैल माह में ही तापमान 40 से 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है, जो गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग को कैंसर सहित कई गंभीर बीमारियों का कारण बताते हुए जैविक खेती अपनाने पर जोर दिया। साथ ही जंक फूड और डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों के स्थान पर पारंपरिक एवं प्राकृतिक खानपान को अपनाने की सलाह दी।

> प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने कहा कि केवल वृक्षारोपण ही नहीं, बल्कि उनके संरक्षण और संवर्धन का संकल्प लेना भी जरूरी है। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित डिबेट प्रतियोगिता में लगभग 150 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें विजेताओं को मेडल व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### ईरान ने होर्मुज से ...

इससे पहले खबरें आई थीं कि एक जहाज पर ईरान के पास फायरिंग हुई, जबकि दूसरा ओमान के तट के पास हमले में क्षतिग्रस्त हुआ था।

ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिका, पाकिस्तान की अपील पर ईरान के साथ चल रहे युद्धविराम (सीजफायर) को आगे बढ़ा रहा है। हालांकि उन्होंने यह नहीं कहा कि यह कितने दिन के लिए बढ़ाया गया है।

ट्रम्प ने कहा कि ईरान में इस समय नेतृत्व और सरकार में एकजुटता नहीं है। ऐसे वक्त में पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने उनसे ईरान पर कुछ समय तक हमले रोकने की अपील की, ताकि ईरान को साझा प्रस्ताव तैयार करने का वक्त मिल सके। ट्रम्प ने कहा कि इस अपील को मानते हुए उन्होंने अमेरिकी सेना को फिलहाल हमला रोकने का आदेश दिया है। हालांकि, सेना को पूरी तरह तैयार रहने को भी कहा गया है। इस दौरान ईरान पर दबाव बनाए रखने के लिए नाकेबंदी (ब्लॉकेड) जारी रहेगी।

उन्होंने साफ किया कि सीजफायर तब तक जारी रहेगा जब तक ईरान अपनी ओर से ठोस और एकजुट प्रस्ताव नहीं दे देता और बातचीत पूरी नहीं हो जाती, चाहे उसका नतीजा कुछ भी निकले।

इजराइल ने उत्तरी हिस्से से दक्षिणी लेबनान की ओर एक इंटरसेप्टर मिसाइल दागी है। यह कार्रवाई एक हवाई लक्ष्य को रोकने के लिए की गई बताई जा रही है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, मिसाइल को दक्षिणी लेबनान के ऊपर मौजूद लक्ष्य को निशाना बनाकर लॉन्च किया गया।

### लेंसकार्ट में तिलक...

एक्टिविस्ट शेफाली वैद्य ने X पर एक पोस्ट कर की। इसमें उन्होंने लेंसकार्ट का ड्रेस कोड को लेकर डाक्यूमेंट शेयर किया। उन्होंने कंपनी के फाउंडर से पूछा- पीयूष बंसल, क्या आप स्पष्ट कर सकते हैं कि लेंसकार्ट में हिजाब ठीक है लेकिन बिंदी और कलावा क्यों नहीं? इसके बाद लोगों ने लेंसकार्ट को ट्रोल किया और कंपनी की नीति पर सवाल उठाए। कंपनी के फाउंडर पीयूष बंसल ने 15 अप्रैल को X पर पोस्ट कर बताया कि वायरल डॉक्यूमेंट पुराना है। यह कंपनी की मौजूदा गाइडलाइन नहीं दर्शाता। कंपनी सभी धर्मों का सम्मान करती है। देश में हमारे हजारों टीम मेंबर्स हैं, जो हर दिन अपने विश्वास और संस्कृति को गर्व के साथ अपनाते हैं।

सोशल मीडिया पर शेयर किए गए 'ग्रूमिंग गाइड' के मुताबिक, महिला कर्मचारियों को स्टोर में बिंदी या क्लचर लगाने की अनुमति नहीं है।

इसी डॉक्यूमेंट में बुर्का पहनकर स्टोर में काम करने की मनाही की गई है। अगर कोई कर्मचारी हिजाब या पगड़ी पहनता है, तो वह काले रंग का होना चाहिए। हिजाब की लंबाई ऐसी हो कि कंपनी का लोगो न छुपे।

### जांच में ममता का ...

ED ने ममता बनर्जी और राज्य पुलिस अधिकारियों पर जांच में बाधा डालने का आरोप लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई।

पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस और सीएम ममता बनर्जी का चुनावी कैंपेन संभाल रही फर्म ‘आई-पैक’ का कोलकाता के विधाननगर स्थित दफ्तर 20 अप्रैल से बंद है। सूत्रों के अनुसार इसके एचआर ने 1300 कर्मियों को काम पर न आने का लेटर भेजा है।

यह सब ऐसे समय हुआ है जब पहले चरण के मतदान को एक दिन बचे हैं। 23 अप्रैल को पहले चरण के तहत 152 सीटों पर वोटिंग होनी है। दूसरे चरण की वोटिंग 29 अप्रैल को है। रिजल्ट 4 मई को आएंगे। I-PAC यानी इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी एक पॉलिटिकल कंसल्टेंसी कंपनी है। यह राजनीतिक दलों के लिए बड़े स्तर पर चुनावी अभियानों का काम करती है। कंपनी और उसके डायरेक्टर प्रतीक जैन पर करोड़ों रुपए के कोयला चोरी घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है। CBI ने इस मामले में 27 नवंबर 2020 को FIR दर्ज की थी।

पूरा मामला 2,742 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा है। आरोप है कि 20 करोड़ हवाला के जरिए I-PAC तक ट्रांसफर हुए। ED ने 28 नवंबर 2020 को इसकी जांच शुरू की थी। 8 जनवरी 2026 को ED ने कोलकाता में I-PAC और उसके डायरेक्टर प्रतीक जैन के घर और ऑफिस पर छापा मारा था।

### मोदी को आतंकी ...

नितिन नवीन ने उत्तर 24 परगना में रोड शो के दौरान कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता टीएमसी सरकार को हटाने के लिए तैयार है और राज्य में डबल इंजन सरकार बनने जा रही है।

उन्होंने कहा कि लोगों में नाराजगी साफ दिख रही है। ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि उन्होंने महिलाओं से जुड़े मामलों में अदालत का रुख नहीं किया, लेकिन घुसपैठियों के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट गईं। उन्होंने कहा कि अब बदलाव का समय आ गया है और एनडीए की सरकार बनेगी। कोलकाता में रैली के दौरान अभिषेक बनर्जी ने अमित शाह पर पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी और महिलाओं के अपमान का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह बीजेपी की महिलाओं के प्रति सोच को दिखाता है।

अभिषेक बनर्जी ने कहा कि बीजेपी के बयानबाजी का जवाब चुनाव नतीजों के बाद दिया जाएगा और पार्टी 4 मई के बाद अगली राजनीतिक लड़ाई की तैयारी करेगी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बीजेपी बंगालियों की सोच पर सवाल उठा रही है। पश्चिम बंगाल के हावड़ा में रैली के दौरान अमित शाह ने कहा कि BJP सिर्फ बंगाल ही नहीं, बल्कि पूरे देश से घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें हटाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि ये घुसपैठिए स्थानीय लोगों की नौकरियां छीन रहे हैं और गरीबों के हक के संसाधनों पर कब्जा कर रहे हैं। शाह ने कहा- कोलकाता के व्यापारी कहते हैं कि ममता के गुंडों से डर लगता है। लेकिन मैं कहता हूं किसी को ममता के गुंडों से डरने की जरूरत नहीं है। ममता अपने गुंडों से कह दें कि आपे में रहें नहीं तो 5 मई के बाद हम हिसाब-किताब बराबर कर देंगे।

### बंगाल की पहचान ...

सीएम योगी ने कहा- यूपी में कब्जा नहीं होता। वहां गुंडा जानता है कि अगर कब्जा किया तो सरकार उनकी 7 पुश्तों की जमीन निकालकर गरीबों के लिए घर बनवा देगी। मैं जानता हूं 4 मई को जब रिजल्ट आएगा तो बंगाल सोनार बांग्ला बनके अपनी अस्मिता को पहचानेगा।

उन्होंने कहा- हमें बंगाल की अस्मिता को बचाना। अभी जो कठमुल्लापन को बढ़ावा दिया जा रहा है, उसे हर हाल में रोकना होगा। इसके लिए भारत के लोकतंत्र ने जो ताकत दी है उसका इस्तेमाल कीजिए।

सीएम योगी ने नादिया जिले की चकदहा सीट पर रैली की। वहां उन्होंन कहा- में बंगाल में आज उपद्रव का माहौल है। ममता दीदी दुर्गा पूजा नहीं होने देती। उत्सव से पहले कर्फ्यू लग जाता है। जिस बंगाल ने भारत को राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत दिया। रविंद्रनाथ ठाकुर की पैतृक संपत्ति पर टीएमसी के गुंडों ने कब्जा कर लिया। वहां ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी का फोटो लगा दिया।

### सर्किट हाउस में ...

पत्रकार वार्ता के दौरान एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय, भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी और अन्य स्थानीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संगठनात्मक और राजनीतिक विषयों पर भी चर्चा हुई।

### दिल्ली में आईआरएस...

राहुल मीणा राजस्थान के अलवर का रहने वाला है। पुलिस के मुताबिक, वह करीब आठ महीने तक IRS अफसर के घर पर नौकर था। वह IRS अफसर के घर के हर कोने से वाकिफ था। उसे यह भी पता था कि युवती के माता-पिता कब वॉक या जिम के लिए घर से निकलते हैं।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी सुबह करीब 6 बजे घर में घुसा, युवती पर हमला किया और उसके साथ रेप किया।

## 9वां टी-20 शतक लगाया, राहुल-नीतीश का कैच पकड़कर मैच पलटा, क्लासन के 100 सिक्स पूरे

# अभिषेक ने कोहली की बराबरी की

**मुकाबला**

**हैदराबाद, एजेंसी**

सनराइजर्स हैदराबाद ने IPL 2026 के 31वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 47 रन से हरा दिया। राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में अभिषेक शर्मा ने 9वां टी-20 शतक लगाकर विराट कोहली की बराबरी कर ली। मंगलवार को अभिषेक ने फील्डिंग में भी कमाल दिखाया। उन्होंने केएल राहुल और नीतीश राणा के कैच पकड़कर मैच का रुख पलट दिया। हेनरिक क्लासन ने 100 IPL सिक्स पूरे किए। अभिषेक शर्मा ने टी-20 में पांचवीं बार एक पारी में 10 या उससे ज्यादा छक्के लगाए। वे इस मामले में दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। उनसे आगे क्रिस गेल हैं, जिन्होंने 18 बार ऐसा किया है। एविन लुईस और श्रेयस अय्यर ने 4-4 बार यह कारनामा किया है। IPL में यह दूसरी बार है जब अभिषेक ने एक पारी में 10 छक्के लगाए और वे गेल के बाद ऐसा कई बार करने वाले दूसरे बल्लेबाज बने। उन्होंने टी-20 क्रिकेट में 350 छक्के भी पूरे कर लिए।

दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल टीम के लिए अपना 100वां टी-20 मैच खेल रहे हैं। वे 2019 से टीम का हिस्सा हैं और उसी साल 5 करोड़ रुपए में खरीदे गए थे। शानदार प्रदर्शन के चलते उन्हें मेगा नीलामी से पहले 16.50 करोड़ रुपए में रिटेन किया गया। 14 मार्च 2025 को उन्हें टीम की कमान सौंपी गई।



**अभिषेक शर्मा के टी-20 में 9 शतक पूरे हो गए। उन्होंने यह उपलब्धि 184 पारियों में हासिल की, जो भारतीयों में सबसे तेज है। कोहली को यहां तक पहुंचने में 403 पारियां लगी थीं। टी-20 में ओवरऑल सबसे ज्यादा शतक का रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम है, जिन्होंने 22 शतक लगाए हैं। बाबर आजम (12) और डेविड वॉर्नर (10) उनके बाद हैं।**

### नीतीश राणा ने अभिषेक का कैच छोड़ा

13वें ओवर की तीसरी गेंद पर अभिषेक शर्मा को एक और जीवनदान मिला। टी. नटराजन की लो फुलटॉस पर उन्होंने बैकवर्ड पॉइंट के ऊपर से खेलने की कोशिश की। डीप में खड़े नीतीश राणा बाईं ओर दौड़ते हुए पहुंचे, लेकिन दोनों हाथों से कैच पकड़ने के बावजूद गेंद उनके हाथ से निकल गई।

### क्लासन आईपीएल में 100 सिक्स लगाने वाले तीसरे सबसे तेज बल्लेबाज

हेनरिक क्लासन IPL में 100 छक्के लगाने वाले तीसरे सबसे तेज बल्लेबाज बन गए। उन्होंने यह उपलब्धि 52 पारियों में हासिल की। उनसे आगे क्रिस गेल (37 पारियां) और आंद्रे रसेल (47 पारियां) हैं। गेंदों के हिसाब से क्लासन 1072 गेंदों में इस आंकड़े तक पहुंचे और सातवें स्थान पर हैं।

### अभिषेक ने केएल राहुल को पीछे छोड़ा

अभिषेक शर्मा ने IPL में नाबाद 135 रन बनाकर केएल राहुल (132) को पीछे छोड़ दिया है। वे IPL के हाईएस्ट इंडविजुअल स्कोरर की लिस्ट में दूसरी बार शामिल हो गए। इससे पहले पिछले साल उन्होंने 141 रन की पारी खेली थी। टी-20 में 130+ स्कोर के मामले में अभिषेक 4 बार के साथ टॉप पर पहुंच गए हैं, जबकि आरोन फिंच और क्रिस गेल ने 3-3 बार यह कारनामा किया है।





अभिषेक ने 25 बॉल में फिफ्टी पूरी की। यह हैदराबाद में लगाए गए उनके छह IPL अर्धशतकों में सबसे धीमी रही।

### अभिषेक की हाफ सेंचुरी, रनआउट होने से बचे

9वें ओवर की पहली बॉल पर अभिषेक शर्मा ने हाफ सेंचुरी पूरी की। उन्होंने अक्षर पटेल की गेंद को लेग साइड में खेलकर दो रन लिए। दूसरे रन पर थ्रो विकेटकीपर केएल राहुल के पास आया, लेकिन वे गेंद को साफ तरीके से कलेक्ट नहीं कर सके। रिप्ले में दिखा कि अगर राहुल गेंद पकड़ लेते, तो अभिषेक क्रीज से बाहर थे।

---

## गेंद को देखो और हिट करो आखिरी 23 गेंद में 5 बाउंड्री के साथ 82 रन बनाए

# तिलक को हार्दिक की सलाह काम आई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

IPL 2026 में सोमवार रात मुंबई इंडियंस के तिलक वर्मा ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 45 गेंदों में नाबाद 101 रन बनाए। उन्होंने मुंबई को 99 रन से जिताया और टीम को सबसे निचले पायदान से सातवें स्थान पर पहुंचाया। गुजरात की टीम 100 रन पर ढेर हो गई, जो तिलक से एक रन कम था। तिलक की पारी की शुरुआत निराशाजनक थी। पहले 5.5 ओवर में मुंबई के तीन विकेट गिर चुके थे। दबाव में तिलक संघर्ष कर रहे थे और 22 गेंदों में 19 रन पर थे। वे रन के लिए बेचैन थे और गलत शॉट पर बल्ला पैड पर मार रहे थे। इस मैच से पहले आईपीएल 2026 में उनका सर्वोच्च स्कोर 20 था और उन्होंने कोई छक्का नहीं लगाया था। हालात ऐसे थे कि कोच महेला जयवर्धने उन्हें 'रिटायर्ड आउट' बुलाने पर विचार कर सकते थे।

स्ट्रेटेजिक टाइम-आउट में कप्तान हार्दिक पंड्या ने उनसे बात की। मैच के बाद हार्दिक ने बताया, 'तिलक के पास गजब की प्रतिभा है, उन्हें ज्यादा चिंता करने की जरूरत नहीं है। उसके बल्ले से गेंद काफी खूबसूरती से निकलती है। मैंने बस उनसे इतना कहा कि सिर्फ गेंद को देखो और हिट करो।' इस सलाह से तिलक के दिमाग से आउट होने का डर निकल गया।



**22 गेंदों तक तिलक ने एक भी बाउंड्री नहीं लगाई। अगली 23 गेंदों में उन्होंने 15 बाउंड्री के साथ 82 रन बनाए। शुरुआती 20 गेंद के बाद उनके स्ट्राइक रेट में 251 का उछाल आया, जो आईपीएल इतिहास में सर्वाधिक है।**

### मुंबई-चेन्नई मुकाबले में दिख सकते हैं धोनी

नई दिल्ली। IPL 2026 में गुरुवार रात वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस (MI) और चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) के बीच मैच में एमएस धोनी और विल जैक्स एक्शन में नजर आ सकते हैं।

धोनी मंगलवार रात वानखेड़े में अभ्यास करते दिखे, वहीं विल जैक्स मुंबई के कैंप से जुड़ चुके हैं। चेन्नई फिलहाल पॉइंट्स टेबल में 8वें स्थान पर है और उसे जीत की सख्त जरूरत है। सीजन से पहले एमएस धोनी पिंडली की मांसपेशियों में खिंचाव से जूझ रहे थे। मंगलवार को वानखेड़े में उन्होंने आधे घंटे विकेटकीपिंग और 30 मिनट बल्लेबाजी की। इस दौरान 44 साल के धोनी बिना परेशानी बड़े शॉट्स लगाते नजर आए। अगर वे कल खेलते हैं, तो चेन्नई की बैटिंग को मजबूती मिलेगी। टीम ने 6 में से 2 मैच जीते हैं। इंग्लैंड के खिलाड़ी विल जैक्स भारत पहुंच गए हैं। वे निजी कारणों से शुरुआती 6 मैचों से बाहर थे। टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में 4 बार 'प्लेयर ऑफ द मैच' रहे जैक्स ने सोमवार और मंगलवार को मुंबई के नेट सेशन में अभ्यास किया।

## तंजीद हसन 14 पायदान चढ़कर 40वें नंबर पर पहुंचे, बैटिंग रैंकिंग में चार भारतीय

# खेल : आईसीसी वनडे रैंकिंग में बांग्लादेशी खिलाड़ियों का जलवा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ICC की ताजा वनडे और टी-20 प्लेयर रैंकिंग बुधवार को जारी हुई। न्यूजीलैंड के खिलाफ मीरपुर में मिली 6 विकेट की जीत के बाद बांग्लादेश के खिलाड़ियों ने लंबी छलांग लगाई है। वहीं, बैटिंग रैंकिंग में चार भारतीय शामिल हैं।

न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के दूसरे मैच में बांग्लादेश ने कीवी टीम को हराकर सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली है। इस जीत में तंजीद हसन ने 76 रनों की अहम पारी खेली, जिससे उन्हें वनडे बैटिंग रैंकिंग में 14 पायदान का फायदा हुआ और वे 40वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं, तौहीद हृदोय 30 रन की नाबाद पारी के दम पर 5 स्पॉट ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से 26वें स्थान पर आ गए हैं। न्यूजीलैंड के दाएं हाथ के बल्लेबाज डेरिल मिचेल बांग्लादेश के खिलाफ मौजूदा सीरीज में नहीं खेल रहे हैं। इसके बावजूद वे वनडे बैटिंग रैंकिंग में दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज बने हुए हैं। फिलहाल वनडे चार्ट्स में उनका दबदबा कायम है।

स्कॉटलैंड के नामीबिया दौरे के बाद T20 रैंकिंग में भी बदलाव हुए हैं। स्कॉटलैंड ने यह सीरीज 2-1 से जीती। सीरीज के आखिरी मैच में शतक लगाने वाले ओपनर जॉर्ज मुन्से 7 पायदान ऊपर चढ़कर 21वें नंबर पर पहुंच गए हैं। वहीं, गेंदबाज मार्क वॉट ने दो मैचों में 3 विकेट लेकर 10 पायदान की छलांग लगाई और अब वे 47वें नंबर पर हैं। नामीबिया के कप्तान जेरार्ड इरास्मस ने बल्ले और गेंद दोनों से अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने सीरीज की 3 पारियों में 145 रन बनाए, जिससे वे बैटिंग रैंकिंग में 24 पायदान चढ़कर 73वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इसके अलावा ऑलराउंडर रैंकिंग में वे 5 पायदान ऊपर उठकर अब दुनिया के 10वें नंबर के ऑलराउंडर बन गए हैं।



### गेंदबाजी में रिशाद और नाहिद राणा चमके

गेंदबाजों की वनडे रैंकिंग में बांग्लादेश के स्पिनर रिशाद हुसैन और पेसर नाहिद राणा को बड़ा फायदा हुआ है। मीरपुर वनडे में दोनों ने मिलकर 6 विकेट झटके थे। रिशाद 10 पायदान ऊपर चढ़कर 58वें और नाहिद राणा 32 पायदान की छलांग लगाकर 64वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शरीफुल इस्लाम ने साल 2024 के अंत के बाद पहली बार वनडे मैच खेला और दो मैचों में 4 विकेट लेकर 39वें स्थान के साथ रैंकिंग में वापसी की है।

---

**मनोरंजन**

## पुनीत मल्होत्रा के साथ की शूटिंग, डायरेक्टर बोले- कर्ज चुकाऊंगा, 19 अप्रैल को अनाउंस की प्रेग्नेंसी

# प्रेग्नेंसी के बावजूद काम में बिजी दीपिका पादुकोण

**नई दिल्ली, एजेंसी**

बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण ने हाल ही में दूसरी प्रेग्नेंसी अनाउंस की है। पिछली प्रेग्नेंसी में भी एक्ट्रेस ने काल्कि 2898 AD शूट की गई थी, उसी तरह इस बार भी एक्ट्रेस काम से ब्रेक नहीं ले रही हैं। एक्ट्रेस ने हाल ही में डायरेक्टर पुनीत मल्होत्रा के साथ फिल्म की शूटिंग की है।

डायरेक्टर पुनीत मल्होत्रा ने हाल ही में ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट से दीपिका पादुकोण के साथ एक तस्वीर शेयर की है। इसमें उन्होंने लिखा, यह शूट? 10/10। कोई कमी नहीं। शुक्रिया दीपिका पादुकोण, इतनी गर्मजोशी, विनम्रता और शानदार होने के लिए, सच में आभारी हूं। आपका एहसान रहा, मैं यह कर्ज जरूर चुकाऊंगा।

इसके अलावा भी पुनीत मल्होत्रा ने इंस्टाग्राम के स्टोरी सेक्शन से शूटिंग की कुछ और तस्वीरें भी शेयर की हैं। पोस्ट के अनुसार, वो अपकमिंग प्रोजेक्ट की पिछले 6 दिनों से शूटिंग कर रहे हैं। पुनीत मल्होत्रा के प्रोजेक्ट के अलावा दीपिका पादुकोण इन दिनों फिल्म राका की शूटिंग भी कर रही हैं। एटली के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में अल्लू अर्जुन लीड रोल में हैं।

**दीपिका और रणवीर की पर्सनल लाइफ की बात करें तो दोनों ने लंबे समय तक डेटिंग के बाद नवंबर 2018 में इटली में शादी की थी। शादी के करीब 6 साल बाद सितंबर 2024 में दीपिका ने अपनी पहली बेटी दुआ को जन्म दिया था। अब दुआ डेढ़ साल की होने वाली है और जल्द ही बड़ी बहन बनने वाली है। कपल के इस पोस्ट पर बॉलीवुड सेलेब्स और फैंस लगातार बधाइयां दे रहे हैं।**





### 19 अप्रैल को अनाउंस की है दूसरी प्रेग्नेंसी

दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने 19 अप्रैल को दूसरी बार पेरेंट्स बनने की घोषणा की है। कपल ने इविल आई का इमोजी शेयर करते हुए बेटी दुआ की तस्वीर शेयर की है, जिसमें उन्होंने पॉजिटिव प्रेग्नेंसी टेस्ट किट पकड़ी हुई है। दीपिका-रणवीर की इस पोस्ट को 4.5 मिलियन से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं।

वर्कफ्रंट की बात करें तो दीपिका के पास इस समय दो सबसे बड़ी फिल्में पाइपलाइन में हैं। वे सिद्धार्थ आनंद की फिल्म 'किंग' में नजर आएंगी, जिसमें शाहरुख खान लीड रोल प्ले कर रहे हैं। यह फिल्म 24 दिसंबर 2026 को सिनेमाघरों में आएगी।

## 'एजेंट नादिया' बनकर खतरनाक मिशन पर लौटीं प्रियंका चोपड़ा

नई दिल्ली। देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा के बॉलीवुड कमबैक का सभी को इंतजार है, लेकिन प्रियंका ने इसी बीच एक एक धमाकेदार सरप्राइज दे दिया है। दरअसल प्रियंका इन दिनों हॉलीवुड में नए-नए प्रोजेक्ट्स में काम कर रही हैं। हाल ही में प्रियंका की आने वाली वेबसीरीज 'सिटाडेल 2' (Citadel 2 Trailer) का हाल ही में ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है और इस धमाकेदार ट्रेलर में काफी कुछ नजर आया है। अमेजन प्राइम वीडियो की सबसे पॉपुलर वेबसीरीज सिटाडेल (Citadel) के पहले सफल सीजन के बाद अब दूसरे सीजन ने दस्तक दी है और इसी के साथ प्रियंका चोपड़ा जोनस, रिचर्ड मैडेन और स्टेनली टुची ने फिर से अपने मिशन पर वापस लौटने का एलान कर दिया है। सिटाडेल का ट्रेलर हिंदी और इंग्लिश दोनों भाषाओं में रिलीज किया गया है।



ट्रेलर की शुरुआत में नई कहानी का खुलासा होता है और पता चलता है कि इस बार दुश्मन और ज्यादा खतरनाक है। कैसे एक मशीन द्वारा इंसानी दिमाग को काबू किया जा सकता है। इसी बीच ट्रेलर में होती है प्रियंका चोपड़ा (Priyanka Chopra) की एंट्री। एजेंट नादिया बनकर प्रियंका जमकर एक्शन करती दिखीं तो वहीं ट्रेलर में प्रियंका का ग्लैमर्स अवतार देखने को मिला है। हालांकि ट्रेलर में प्रियंका के बहुत ज्यादा सीन्स को रिवील नहीं किया गया है। हालांकि इस बार नई टीम को शामिल किया गया है।

# फिर लौटेगी धुरंधर की अनदेखी कहानी

## मोटा पैसा कमाने के लिए आदित्य धर ने खेला दांव?



नई दिल्ली। निर्देशक आदित्य धर की सफल फिल्म फ्रेंचाइजी धुरंधर ने हिंदी सिनेमा की परिभाषा को बदल कर रख दिया है। कमाई के मामले में धुरंधर भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी फ्रेंचाइज बन गई है। मौजूदा समय में धुरंधर 2 रिलीज के एक महीने बाद भी सिनेमाघरों से लेकर बॉक्स ऑफिस तक अपनी धाक जमाए हुए है।

अब खबर आ रही है कि धुरंधर फ्रेंचाइज की अनदेखी कहानी दोबारा से लौटने के लिए तैयार है। जिसके जरिए आदित्य धर मोटा पैसा कमान की योजना बना चुके हैं। जिसकी वजह फिल्म की बीटीएस डॉक्युमेंट्री है। खबर है कि रणवीर सिंह की मल्टी स्टारर फिल्म धुरंधर और धुरंधर 2 के बीटीएस सीन्स को मिलाकर एक डॉक्युमेंट्री बनाई जाने की तैयारी चल रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आदित्य धर इसकी प्लानिंग कर रहे हैं और दोनों फिल्मों के बिहाइंड द सीन्स को एकजुट करके डॉक्युमेंट्री के तौर पर पेश करेंगे। इसमें आप धुरंधर फ्रेंचाइज की मेकिंग की बारीकियों को और करीब से समझ पाएंगे। इस आधार पर आने वाले समय में हमजा की कहानी का एक अनदेखा पहलू दर्शकों को देखने को मिलेगा। लेकिन धुरंधर बीटीएस डॉक्युमेंट्री को लेकर फिलहाल एक पेंच फंसा हुआ है।

वह ये है इसे सिनेमाघरों में रिलीज किया जाए या फिर डॉक्यु सीरीज के तौर पर ओटीटी प्लेटफॉर्म पर ऑनलाइन स्ट्रीम किया जाएगा। इसकी पुष्टि होना अभी बाकी है। कुछ रिपोर्ट्स में ये दावा किया जा रहा है आदित्य धर इसे ओटीटी पर रिलीज करने की तैयारी में हैं।

## भूत बंगला की मंगलवार को हुई छप्परफाड़ कमाई, मंगलवार को जमकर बरसे करोड़ों रुपए

# भूत बांग्ला : बॉक्स ऑफिस पर अक्षय का हुआ धांसू कमबैक




नई दिल्ली। अक्षय कुमार की फिल्म 'भूत बंगला' को इंडिया के साथ-साथ विदेशी बॉक्स ऑफिस पर भी शानदार शुरुआत मिली है। वर्ल्डवाइड महज 4 दिन के अंदर ही इस मूवी ने दुनियाभर में 100 करोड़ का जादुई आंकड़ा पार कर लिया था।

अब प्रियदर्शन के निर्देशन में बनी यह फिल्म 'धुरंधर 2' के लिए खतरे की घंटी बजाते हुए अपना बजट रिकवर करने के बेहद करीब पहुंच चुकी है।

अब 'भूत बंगला' की दुनियाभर में कमाई का पांचवें दिन का कलेक्शन भी सामने आ चुका है। सैकनिल्क डॉट कॉम की रिपोर्ट के मुताबिक, मंगलवार को अक्षय कुमार की फिल्म का वर्ल्डवाइड कलेक्शन उछाल मारते हुए 118.12 करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है। 118 करोड़ के वर्ल्डवाइड कलेक्शन के साथ ही फिल्म 'भूत बंगला' अपना बजट रिकवर करने से मात्र 2 करोड़ रुपये दूर है।

**अगर अक्षय कुमार की फिल्म के सिर्फ विदेशी मार्केट के कलेक्शन की बात करें, तो इसने अभी तक 31.50 करोड़ रुपये की शानदार कमाई कर ली है। गल्फ देशों और नॉर्थ अमेरिका में फिल्म का रिस्पॉन्स काफी अच्छा है।**



### 'भूत बंगला' पर मंगलवार को हुई धन वर्षा

'खिलाड़ी' कुमार की हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' ने दुनियाभर में 23.90 करोड़ रुपये की शानदार ओपनिंग ली थी। दो दिनों के अंदर ही फिल्म का वर्ल्डवाइड कलेक्शन 60.50 करोड़ क्रॉस कर गया था। रविवार को यह मूवी 95.87 करोड़ की कमाई के साथ 100 करोड़ के क्लब में शामिल होने के लिए तैयार थी और चौथे दिन 106.34 करोड़ कमाकर इसने शान से यह आंकड़ा पार कर लिया।

# ईरान जंग से ईंधन महंगा, यूरोप में सिर्फ 6 हफ्ते का जेट फ्यूल बाकी, यूरोप में जेट फ्यूल सप्लाई की चिंता बढ़ी

# जर्मन एयरलाइन लुफ्थांसा ने 20 हजार फ्लाइट्स रद्द कीं

ईरान जंग के कारण होर्मुज स्ट्रेट पर शुरुआत से तनाव बना हुआ है। इससे ईंधन और गैस सप्लाई प्रभावित हुआ है। हालांकि, यूरोप के ट्रांसपोर्ट मंत्री जेट फ्यूल की कमी से निपटने के उपायों पर चर्चा कर रहे हैं। यूरोपीय संघ (ईयू) वैकल्पिक अमेरिकी जेट फ्यूल और बाहर से ज्यादा फ्यूल भरने की अनुमति जैसे विकल्पों पर विचार कर रहा है।

यूरोप की रयानएयर एयरलाइन के प्रमुख माइकल ओ लेरी ने चेतावनी दी कि अगर होर्मुज स्ट्रेट बंद रहा तो मई से सप्लाई बाधित हो सकती है।

**फैसला**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

जर्मनी की एयरलाइन लुफ्थांसा ने मई से अक्टूबर तक 20 हजार शॉर्ट-हॉल फ्लाइट्स रद्द करने का फैसला लिया है। ईरान जंग के कारण यूरोप में जेट फ्यूल की कीमतें लगभग दोगुनी हो चुकी हैं। कंपनी के मुताबिक इससे करीब 40 हजार टन जेट फ्यूल की बचत होगी।

कंपनी ने सोमवार से रोजाना करीब 120 उड़ानें घटाई हैं। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद रहने से तेल सप्लाई प्रभावित हुई और यूरोप में जेट फ्यूल सप्लाई की चिंता बढ़ी है।

## नेटवर्क में बड़े बदलाव, घाटे वाले रूट बंद

लुफ्थांसा ने मंगलवार को कहा कि वह अपने छोटे रूट के नेटवर्क में बदलाव करके गर्मियों का फ्लाइट शेड्यूल स्थिर रखेगी। कंपनी अप्रैल के आखिर या मई की शुरुआत में पूरी योजना जारी करेगी। कंपनी ने अपने नेटवर्क में बड़े बदलाव किए हैं। फ्रैंकफर्ट और म्यूनिख से घाटे वाले रूट बंद किए जा रहे हैं, जबकि ज्यूरिख, ब्रसेल्स और वियना से उड़ानें बढ़ाई जाएंगी। इससे यात्रियों को लंबी दूरी की उड़ानों से बेहतर कनेक्शन मिलेगा। गर्मियों के अंत तक लंबी दूरी की उड़ानों की क्षमता थोड़ी कम की जाएगी। 6 बड़े विमान हटाए जाएंगे, 2 बोइंग 747 सर्दियों में नहीं उड़ेंगे और 4 एयरबस A340-600 विमान अक्टूबर में हमेशा के लिए बंद कर दिए जाएंगे। खर्च कम करने के लिए कंपनी अपने सिटीलाइन बेड़े के 27 विमान भी बंद कर रही है। इसके पीछे महंगा ईंधन और कर्मचारियों से जुड़े विवाद मुख्य वजह बताए गए हैं।




## दुनिया भर की एयरलाइंस पर असर, टिकट महंगे

दुनिया भर की एयरलाइंस पर इसका असर दिख रहा है। अमेरिका की डेल्टा एयरलाइंस ने करीब 3.5% नेटवर्क में कटौती कर 1 बिलियन डॉलर बचाने की योजना बनाई है। हांगकांग की कैथे पैसिफिक, मलेशिया की एयर एशिया X और न्यूजीलैंड की एयर न्यूजीलैंड जैसी एयरलाइंस भी रूट कम कर रही हैं। कई एयरलाइंस ने टिकट महंगे किए हैं या फ्यूल सरचार्ज लगाया है।




जर्मन एयरलाइंस लुफ्थांसा ने गर्मियों के मौसम के अंत तक घाटे वाले रूट्स बंद करने का फैसला लिया है।

अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (IEA) ने चेतावनी दी है कि यूरोप के पास केवल 6 हफ्तों का जेट फ्यूल बचा है।

यूरोप की ईजीजेट ने ईंधन महंगा होने से ज्यादा घाटे की चेतावनी दी है। जबकि ब्रिटिश एयरलाइन वर्जिन अटलांटिक ने कहा कि कीमतें बढ़ाने के बावजूद इस साल मुनाफा मुश्किल रहेगा।

जेट फ्यूल महंगा होने का सीधा असर यात्रियों की जेब पर पड़ रहा है। एयरलाइंस की कुल लागत में फ्यूल का हिस्सा 25% से 40% तक होता है। फ्यूल कीमतें बढ़ते ही कंपनियां टिकट महंगे करती हैं या फ्लाइट्स घटाती हैं।

रूट नेटवर्क में बदलाव का मतलब है कि कई डायरेक्ट फ्लाइट्स बंद हो सकती हैं। यात्रियों को कनेक्टिंग फ्लाइट्स लेनी पड़ सकती हैं, जिससे यात्रा का समय और ट्रांजिट का झंझट बढ़ेगा।

**फास्ट न्यूज**

### टेक महिंद्रा का मुनाफा 16% बढ़कर 1,354 करोड़

मुंबई। टेक महिंद्रा का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में कंसॉलिडेटेड मुनाफा सालाना आधार (YoY) 16% बढ़कर 1,354 करोड़ हो गया। एक साल पहले की समान तिमाही (Q4FY25) में कंपनी को 1,167 करोड़ का मुनाफा हुआ था।

आज (22 अप्रैल) को कंपनी ने वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) के नतीजे जारी किए हैं।

### सेंसेक्स 757 अंक गिरकर 78,516 पर बंद

नई दिल्ली। सेंसेक्स आज यानी बुधवार, 22 अप्रैल को 757 अंक (1.00%) की गिरावट के साथ 78,516 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 199 अंकों (0.84%) की गिरावट रही, ये 24,378 पर आ गया। आज के कारोबार में FMCG और मीडिया शेयरों में खरीदारी रही, जबकि आईटी में सबसे ज्यादा बिकवाली देखी गई। विदेशी निवेशकों (FIIs) ने मंगलवार को लगातार दूसरे दिन बाजार से पैसा निकाला और करीब 1,919 करोड़ के शेयर बेचे। इससे पहले सोमवार को भी उन्होंने 1,060 करोड़ की बिकवाली की थी।

### सोना 105 गिरकर 1.52 लाख पर आया

नई दिल्ली। सोना-चांदी के दाम में आज यानी 22 अप्रैल को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 105 रुपए गिरकर 1,52,250 रुपए पर आ गया है। इससे पहले 21 अप्रैल को इसकी कीमत 1,52,355 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं एक किलो चांदी 836 रुपए गिरकर 2,49,677 रुपए पर पहुंच गई है।

## बीमा सुरक्षा, फिर भी इलाज में 34,064 जेब से

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश में हाल के वर्षों में हेल्थ इंश्योरेंस कवरेज तेजी से बढ़ा है। सरकार का दावा है कि यह बीमा सुरक्षा देश की करीब आधी आबादी तक पहुंच चुकी है। लेकिन इलाज का बोझ आम परिवारों की जेब पर अब भी भारी पड़ रहा है। एनएसएस हेल्थ सर्वे 2025 के मुताबिक, देश में एक अस्पताल में भर्ती होने पर अब भी औसतन 34,064 रुपए जेब से खर्च करने पड़ते हैं।

सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक हाल के वर्षों में बीमारी रिपोर्ट करने वाले दोगुने हो गए हैं। 2017-18 में 15 दिनों के भीतर 7.5% लोग बीमार पड़ते थे। 2025 में यह संख्या 13.1% हो गई। यह बढ़ोतरी सिर्फ ज्यादा बीमारियों का नहीं, बल्कि बढ़ती जागरूकता, बढ़ती पहुंच और डायबिटीज-हाइपरटेंशन जैसी गैर-संक्रामक बीमारियां बढ़ने का भी संकेत है। सरकारी अस्पतालों में जेब से औसत खर्च ₹6,631 है। आधे




**अस्पतालों में दवा, जांच और फॉलो-अप खर्च अक्सर मरीज को ही भरने पड़ रहे**

मामलों में ₹1,100 या उससे भी कम है। निजी अस्पतालों में यही औसत ₹50,508 है। करीब आठ गुना का अंतर है। प्रसव के मामले में भी सरकारी अस्पताल में औसत खर्च ₹2,299, जबकि सभी अस्पतालों में ₹14,775 है। स्वास्थ्य बीमा के मोर्चे पर काफी कामयाबी मिली है। ग्रामीण कवरेज 2017-18 के 14.1% से बढ़कर 2025 में 47.4% और शहरी कवरेज 19.1% से बढ़कर 44.3% पहुंच गया।

## जनरेशन बैन कानून दोनों सदनों में पास, 1 जनवरी 2027 से लागू

# ब्रिटेन- 2008 के बाद जन्मे लोग तंबाकू नहीं खरीद पाएंगे

**लंदन, एजेंसी**

ब्रिटेन ने धूम्रपान को रोकने के लिए सख्त कदम उठाया है। अब वहां नई पीढ़ी के लोगों के लिए सिगरेट खरीदना हमेशा के लिए बंद करने की तैयारी हो गई है। सरकार ने 'टोबैको एंड वेप्स बिल' पास कर दिया है। इसके तहत 2008 के बाद पैदा हुए लोग जिंदगी भर तंबाकू से जुड़ी चीजें नहीं खरीद पाएंगे। संसद से बिल पास हो चुका है और अब सिर्फ किंग चार्ल्स III की औपचारिक मंजूरी बाकी है, जिसके बाद यह कानून बन जाएगा। यह पूरे ब्रिटेन यानी इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, वेल्स और उत्तरी आयरलैंड में लागू होगा। सरकार ने यह बिल 2024 में पेश किया था और इसे अपनी बड़ी प्राथमिकताओं में रखा था। नए नियम के अनुसार, 1 जनवरी 2027 से यह कानून लागू होगा। वेपिंग (ई-सिगरेट) पर भी सख्ती की गई है। स्कूल, अस्पताल और बच्चों के खेलने की जगहों पर स्मोकिंग पूरी तरह बंद होगी। कई इनडोर जगहों पर वेपिंग भी नहीं कर सकेंगे। अगर कोई 18 साल से कम उम्र के व्यक्ति के साथ कार में वेपिंग करता है, तो वह भी गैरकानूनी होगा।



**सरकार का कहना है कि इससे आने वाले समय में स्मोक-फ्री जनरेशन तैयार होगी और धूम्रपान से होने वाली बीमारियां और मौतें कम होंगी। हालांकि कुछ लोग और कारोबारी इसे बहुत सख्त बता रहे हैं और कह रहे हैं कि लोगों को जागरूक करना ज्यादा जरूरी है।**

ब्रिटेन के हेल्थ सेक्रेटरी वेस स्ट्रीटिंग ने कहा है कि यह पीढ़ी लत और नुकसान से बची हुई पहली स्मोक-फ्री जनरेशन होगी। उनका कहना है कि इलाज करने से बेहतर है पहले ही बीमारी को रोक दिया जाए। ब्रिटिश सरकार ने यह सख्त कदम इसलिए उठाया है क्योंकि धूम्रपान वहां लोगों की सेहत के लिए बड़ा खतरा बना हुआ है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक यहां हर साल 76,000 से ज्यादा लोग सिगरेट से जुड़ी बीमारियों जैसे कैंसर, दिल की बीमारी और फेफड़ों की समस्या से जान गंवा देते हैं।



### उम्र के हिसाब से लागू होगा कानून

- 1 जनवरी 2027 से तंबाकू खरीदने की न्यूनतम उम्र हर साल 1 साल बढ़ती जाएगी।
- यानी अगर 2027 में उम्र सीमा 18 साल है, तो 2028 में 19 साल, 2029 में 20 साल हो जाएगी।
- जो लोग 2009 या उसके बाद पैदा हुए हैं, वे कभी भी कानूनी तौर पर सिगरेट नहीं खरीद पाएंगे।
- दुकानदारों को हर ग्राहक की उम्र चेक करना जरूरी होगा। कम उम्र वाले को सिगरेट बेचने पर जुर्माना लगेगा।
- तंबाकू बेचने वालों को रजिस्ट्रेशन करना होगा। वहीं विज्ञापन और प्रमोशन पर सख्त रोक रहेगी।

## रेस्टोरेंट स्टाफ बोली- इंडिया वेरी बैड, पुलिस बुलाने पर मैनेजर ने माफी मांगी


# थाईलैंड में भारतीय टूरिस्ट पर नस्लभेदी कमेंट

**बैंकॉक, एजेंसी**

थाईलैंड के आओ नांग शहर में एक भारतीय टूरिस्ट और ट्रैवल व्लॉगर सूमो को नस्लभेदी कमेंट का सामना करना पड़ा। उन्होंने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें एक रेस्टोरेंट की महिला स्टाफ उनसे "इंडिया वेरी बैड" कहते नजर आ रही है। व्लॉगर के मुताबिक, यह घटना तब हुई जब वह नाश्ता करने गए थे। बिल में हल्की गड़बड़ी हुई, जिसके बाद अनुवाद के लिए महिला को बुलाया गया।

जैसे ही उन्होंने अपनी राष्ट्रीयता भारत बताई, माहौल बदल गया और उन पर आरोप लगाए गए कि भारतीय पैसे नहीं देना चाहते। इसके बाद भारतीय टूरिस्ट ने पुलिस बुलाई। पुलिस के आने पर रेस्टोरेंट के मैनेजर ने माफी मांगी।

इस घटना पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी समुदाय को लेकर एक जैसी सोच बनाना गलत है। भारत में भी लोगों के मन में कुछ गलत धारणाएं होती हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि ऐसी सोच सही है।



भारतीय टूरिस्टों के साथ विदेश में भेदभाव या खराब व्यवहार की घटनाएं नई नहीं हैं। पिछले कुछ सालों में अलग-अलग देशों से ऐसे कई मामले सामने आए हैं जिनमें या तो नस्लभेदी कमेंट किए गए।

2023 में इंडोनेशिया के बाली में कुछ भारतीय टूरिस्टों पर स्थानीय नियम तोड़ने और सार्वजनिक जगहों पर अनुशासनहीनता के आरोप लगे थे। इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर भारतीयों को लेकर कई नकारात्मक टिप्पणियां देखने को मिलीं।

इसी तरह 2022 में दुबई के एक रेस्टोरेंट में भारतीय ग्राहकों को सर्विस देने से मना करने का मामला सामने आया था। आरोप था कि स्टाफ ने कहा कि "भारतीय ज्यादा मोलभाव करते हैं और टिप नहीं देते।" यह मामला वायरल हुआ तो रेस्टोरेंट मैनेजमेंट को सफाई देनी पड़ी।

### लोगों ने सोशल मीडिया पर व्लॉगर का समर्थन किया

सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद कुछ लोगों ने व्लॉगर का समर्थन किया। उन्होंने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। वहीं कुछ यूजर्स ने सवाल उठाए कि इसके पीछे पूरी कहानी क्या है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए व्लॉगर ने कहा कि उन्हें सबसे ज्यादा निराशा इस बात से हुई कि कुछ भारतीय ही कमेंट में अपने लोगों के खिलाफ बोल रहे थे। उन्होंने लोगों से अपील की कि जहां भी नस्लभेद दिखे, उसके खिलाफ आवाज उठानी चाहिए।

### व्लॉगर बोला- थाईलैंड में पहली बार ऐसा व्यवहार हुआ

व्लॉगर सूमो ने बताया कि विवाद पैसे को लेकर नहीं था, क्योंकि रकम सिर्फ 120 थाई बात यानी करीब 349 रुपए थी। व्लॉगर ने वीडियो में कहा कि यह पहली बार था जब उन्हें थाईलैंड में ऐसे व्यवहार का सामना करना पड़ा।

वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद व्लॉगर ने संदर्भ देने के लिए एक और वीडियो जारी किया। इसमें उन्होंने कहा कि कई लोग मान लेते हैं कि ऐसी स्थिति में गलती टूरिस्ट की ही होती है, लेकिन इस बार ऐसा नहीं था।

व्लॉगर ने बताया कि उन्हें बहस करने के बजाय टूरिस्ट पुलिस को बुलाना बेहतर लगा। पुलिस ने उनकी बात समझी और रेस्टोरेंट के मैनेजर ने उनसे माफी मांगी।

## पुलिस के डर से पहाड़ी पर फंसे 200 से ज्यादा टूरिस्ट

### ब्राजील: रियो डी जेनेरो में अजीब घटना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ब्राजील के रियो डी जेनेरो में एक पुलिस कार्रवाई के दौरान 200 से ज्यादा पर्यटक एक पहाड़ी ट्रेल पर फंस गए। यह घटना तब हुई जब पुलिस ने गैंग के संदिग्ध सदस्यों के खिलाफ ऑपरेशन शुरू किया और नीचे इलाके में गोलियां चलने लगीं।

पर्यटक सुबह-सुबह सूर्योदय देखने के लिए मोर्रो डोइस इरमाओस नाम की पहाड़ी पर पहुंचे थे, जो इपानेमा बीच के ऊपर स्थित एक मशहूर व्यू प्वाइंट है। उसी समय नीचे स्थित विदिगाल फेवेला में पुलिस ने छापेमारी शुरू कर दी। यह कार्रवाई बाहिया और रियो डी जेनेरो की सिविल पुलिस की टीमों ने मिलकर की, जिसमें कोमांडो वर्मेल्हो नाम के आपराधिक गिरोह के सदस्यों को पकड़ने की कोशिश की जा रही थी।

फायरिंग शुरू होते ही ट्रेल पर



मौजूद गाइड्स ने सभी पर्यटकों को वहीं रुकने और नीचे न उतरने की सलाह दी। सुरक्षा के लिहाज से सभी को जमीन पर बैठने और शांत रहने को कहा गया। एक वीडियो में देखा गया कि दर्जनों लोग पहाड़ी पर बैठे हुए हैं, जबकि ऊपर हेलीकॉप्टर मंडरा रहा है और दूर से गोलियों की आवाज सुनाई दे रही है।

पुर्तगाल की एक पर्यटक मटिल्डा ओलिवेइरो ने बताया कि वे सूर्योदय का इंतजार कर रहे थे, तभी अचानक गाइड ने बैठने को कहा और गोलियों की आवाज आने लगी। उन्होंने कहा कि स्थिति डरावनी थी, लेकिन जितना संभव था, नियंत्रण में रखी गई।

**विवाद :** 26 दिन में ही गृह मंत्री ने दिया इस्तीफा, विवादास्पद कारोबारी दीपक भट्टा से संबंधों के आरोप

# नेपाल में बवाल के बीच पीएम बालेन शाह को बड़ा झटका

**नई दिल्ली, एजेंसी**

नेपाल के गृह मंत्री सुधन गुरुंग ने भारी विवादों के बीच बुधवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। महज 26 दिन के कार्यकाल के बाद उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दिया है। दरअसल, सुधन गुरुंग पर विवादास्पद कारोबारी दीपक भट्टा के साथ व्यापारिक हिस्सेदारी और माइक्रो इंश्योरेंस कंपनियों में संदिग्ध निवेश के आरोप लगे थे।

गृह मंत्री बनने के बाद से भ्रष्टाचार के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाने वाले गुरुंग को अपने ही निजी निवेशों के चलते चौतरफा आलोचनाओं का सामना करना पड़ा, व्यापक विरोध के बाद उन्होने



अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। गृह मंत्री सुदान गुरूंग पर आय से अधिक संपत्ति और संदिग्ध वित्तीय लेनदेन में शामिल होने के आरोप लगे हैं। विपक्ष और प्रदर्शनकारियों का दावा है कि गुरूंग कुछ विवादित कारोबार से जुड़े लोगों के संपर्क में रहे हैं। नेपाली मीडिया में भी ऐसे दस्तावेजों का जिक्र हुआ है, जिससे उनके इस्तीफे की मांग तेज हो गई है। राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों ने इस मुद्दे को लेकर भी लगातार प्रदर्शन किया। अपने

**आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, साह ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अपनी पत्नी जूनू श्रेष्ठ को स्वास्थ्य बीमा बोर्ड के सदस्य के रूप में बनाए रखा, जबकि यह पद लंबे समय से निष्क्रिय पड़ा था। आयोग ने बुधवार को पार्टी को अपनी रिपोर्ट सौंपी और कार्रवाई की सिफारिश की।**

इस्तीफे की घोषणा करते हुए गुरुंग ने फेसबुक पोस्ट पर लिखा, मैं, सूडान गुरुंग, चैत्र 13, 2082 (26 मार्च, 2026) से गृह मंत्री के रूप में अपने कर्तव्यों का पूरी ईमानदारी से निर्वहन कर रहा हूं। हाल ही में, मैंने अपने शेयरों और संबंधित मामलों के बारे में नागरिकों द्वारा उठाए गए प्रश्नों, टिप्पणियों और सार्वजनिक चिंताओं को बहुत गंभीरता से लिया है।

### जनता के विश्वास से बढ़कर कोई शक्ति नहीं

पद संभालने से पहले जनता का विश्वास सर्वोपरि होना चाहिए। उन्होंने कहा, ₹मेरे लिए नैतिकता किसी भी पद से अधिक महत्वपूर्ण है, और जनता के विश्वास से बढ़कर कोई शक्ति नहीं है। आज का 'जेनरेशन जेड' आंदोलन, जो सुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग करता है, यही संदेश देता है, सार्वजनिक जीवन स्वच्छ होना चाहिए और नेतृत्व जवाबदेह होना चाहिए। गुरुंग ने व्यापक राजनीतिक संदर्भ और देश के अतीत में किए गए बलिदानों का भी जिक्र करते हुए कहा कि जब सवाल उठते हैं तो जवाबदेही आवश्यक है। गुरुंग ने कहा, ₹जब मेरे 46 भाइयों और बहनों के खून और बलिदान पर बनी सरकार के खिलाफ सवाल उठते हैं, तो एकमात्र जवाब नैतिकता ही है। मैनें सार्वजनिक आलोचना को गंभीरता से लिया और सार्वजनिक जीवन में नैतिक मानकों को बनाए रखने के लिए पद छोड़ने का विकल्प चुना।

# ट्रंप के दावों के उलट ईरान की सेना अब भी मजबूत

## पेंटागन की खुफिया रिपोर्ट में खुलासा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पेंटागन की इंटेलिजेंस ब्रांच ने अमेरिकी प्रशासन के उन दावों पर सवालिया निशान खड़ा दिया है, जिनमें ईरान की सेना को पूरी तरह से कमजोर बताया गया था। पेंटागन की इंटेलिजेंस ब्रांच के अनुसार, ईरान अपनी प्रमुख सैन्य क्षमताओं को बरकरार रखने में सक्षम है।

एनबीसी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, जहां राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप और रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने ईरानी वायुसेना और नौसेना के नष्ट होने का दावा किया था, वहीं खुफिया रिपोर्ट तेहरान को अब भी एक ₹शक्तिशाली क्षेत्रीय शक्ति₹ मानती है। खुफिया आकलन से पता चला है कि ईरान अभी भी एक शक्तिशाली क्षेत्रीय शक्ति बना हुआ है, जिससे इस दावे पर



संदेह पैदा होता है कि उसकी वायु सेना नष्ट हो गई है और उसकी नौसेना तबाह हो गई है। यह रिपोर्ट ऐसे समय में आई है जब ट्रंप ने पाकिस्तान की मध्यस्थता के बाद ईरान के साथ सीजफायर को अनिश्चित काल के लिए बढ़ा दिया है, हालांकि समुद्री नाकाबंदी जारी है। अमेरिका की यह खुफिया रिपोर्ट ऐसे समय में आई है जब ट्रंप ने पाकिस्तान के नेतृत्व के रिक्वेस्ट के बाद, सीजफायर की समाप्ति से कुछ घंटे पहले, ईरान के साथ युद्धविराम को अनिश्चित काल के लिए बढ़ाने की घोषणा की।

तमसा संकेत
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड-224122) से प्रकाशित

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकिाशत लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96